


RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

# श्रीकंचनपथ

साझा करें अपने मित्रों से
सांध्य दैनिक
दुर्ग-रायपुर-बस्तर संभाग
लीपा पोती नहीं सिर्फ सच
संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल




वर्ष- 13, अंक - 325 | श्रीकंचनपथ ONLINE | visit us http://www.shreekanchanpath.com | भिलाई, रविवार 11 सितंबर 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## खास खबर...

### 5 से 18 साल के बच्चों के लिए जल्द आएगी नेजल वैक्सीन, भारत बायोटेक ने मांगी अनुमति

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पांच से 18 साल तक के बच्चों के लिए भी जल्द नाक से दी जाने वाली कोरोना वैक्सीन उपलब्ध होगी। भारत बायोटक ने तीसरे चरण के अध्ययन के लिए ड्रग कंट्रोलर से अनुमति मांगी है। गौरतलब हे कि छह सितंबर को, भारत के औषधि महानियंत्रक (DCGI) ने 18 वर्ष से अधिक आयु के लोगों के लिए इंट्रानैसल कोविड वैक्सीन iNCOVACC को मंजूरी दी थी।

आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, भारत बायोटेक ने अब पांच से 18 साल तक की आयु वर्ग के लिए iNCOVACC की सुरक्षा, प्रतिक्रियात्मकता और इम्युनोजेनेसिटी का मूल्यांकन करने के लिए तीसरे चरण की अनुमति के लिए आवेदन दिया है।

### दुबई से कोच्ची आ रहे विमान में बेहोश हुई महिला, मौत

**कोच्चि (एजेंसी)।** दुबई से कोच्चि आ रही एक महिला यात्री शनिवार को हवाई यात्रा के दौरान बेहोश हो गई, जिसे डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने रविवार को बताया, महिला की पहचान मिनी के रूप में हुई है, जिसकी उम्र करीब 56 साल थी। अधिकारियों ने बताया, महिला ने दुबई से कोच्चि के लिए उड़ान भरी थी, लेकिन यात्रा के दौरान ही वह बेहोश हो गई। कोच्चि में विमान उतरने के बाद महिला को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हवाईअड्डा सूत्रों ने बताया कि महिला का कुछ बीमारियों का इलाज चल रहा था। मौत प्राकृतिक कारणों से होने के कारण पुलिस ने इस मामले में कोई मामला दर्ज नहीं किया है।

### विमान ने खोया संतुलनः बाल-बाल बचे इमरान, कराई गई आपात लैंडिंग

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को ले जा रहा एक विमान शनिवार को दुर्घटनाग्रस्त होने से बच गया। डेली पाकिस्तान की रिपोर्ट के अनुसार इमरान खान शनिवार को एक रैली को संबोधित करने के लिए गुजरांवाला जा रहे थे। इस दौरान विमान संतुलन खोने लगा जिसके बाद पायलट ने आनन-फानन में कंट्रोल टॉवर से संपर्क किया और विमान को इस्लामाबाद एयरपोर्ट पर सुरक्षित उतारने में कामयाब रहे। हालांकि, बाद में उन्होंने सड़क मार्ग से गुजरांवाला की यात्रा की।

# रावघाट से लोहे की पहली खेप पहुंची भिलाई
# अंतागढ़ से शुरू हुआ अयस्क का परिवहन



### एसएसबी के सुरक्षा साए में रवाना हुई रैक

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** अंतागढ़ तक रेल लाइन शुरू होने के बाद अब बीएसपी तक लोह अयस्क पहुंचाना आसान हो गया है। रावघाट के अंजलेर डिपाजिट से अयस्क की पहली खेप शनिवार को अंतागढ़ स्टेशन से रवाना की गई। बीएसपी की लाइफलाइन रावघाट माइंस से पहलीबार रेलमार्ग के जरिए लोह अयस्क का परिवहन शुरू हुआ। रावघाट लौह अयस्क खदान क्षेत्र के एफब्लाक के अंजरेल क्षेत्र में दिसम्बर 2021 से भिलाई इस्पात संयंत्र ने लौह अयस्क उत्खनन का कार्य प्रारंभ किया। इस लौह अयस्क को भिलाई तक लाने के लिए रेल लाइन की भी स्थापना की जा रही है। इस परियोजना के तहत अंजरेल से उत्खनन किए गए लौह अयस्क के प्रथम रैक का तकनीक ट्रायल लेते हुए अंतागढ़ से भिलाई इस्पात संयंत्र लाया गया। भिलाई इस्पात संयंत्र परिसर में रविवार की सुबह संयंत्र के निदेशक प्रभारी,अनिर्बान दासगुप्ता ने अन्य वरिष्ठ अधिकारियों इस रैक का स्वागत किया। इस अवसर पर संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने कहा कि यह गर्व की बात है कि छत्तीसगढ़ की धरती से लौह अयस्क संयंत्र के ब्लास्ट फर्नेस, स्टील मेल्टिंग शॉप तक पहुंचता है और विश्व स्तरीय उत्पादों जैसे हमारे रेल में परिवर्तित हो जाता है। उन्होंने कहा कि हम रावघाट में रामकृष्ण मिशन, बीएसएफ और डीएवी स्कूल से मिल कर कार्य कर रहें है। मुझे विश्वास है कि दल्ली-राजहरा रावघाट से अयस्क के लिए लाभकारी क्षेत्र के रूप में कार्य करेगा। रावघाट से लंबे समय से प्रतीक्षित अयस्क का खनन अब साकार हो रहा है। मुझे विश्वास है कि सेल-बीएसपी राज्य सरकार के सहयोग से प्रगति करेगी और सभी तकनीकी मुद्दों से निपटेगी। इस दौरान डायरेक्टर इंचार्ज दासगुप्ता ने अंजरेल के खोडगांव ग्राम पंचायत के 27 प्रशिक्षु छात्रों का स्वागत किया और उनसे बातचीत की, जो तकनीकी परीक्षण देखने के लिए बीएसपी आए थे और भिलाई स्टील प्लांट का दौरा करेंगे।

### 60 किमी तक बनी रेल लाइन

रावघाट क्षेत्र से लौह अयस्क के उत्खनन और भिलाई तक लाने के लिए दल्ली राजहरा से नारायणपुर तक और नारायणपुर से जगदलपुर तक की रेललाइन परियोजना सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र और भारतीय रेलवे के माध्यम से जारी है। सशस्त्र सीमा बल के सुरक्षा साए में अब तक दल्ली राजहरा से अंतागढ़ तक की 6 0 किलोमीटर लंबी रेललाइन का कार्य पूर्ण हो चुका है और इसके आगे का कार्य तेज गति से जारी है। अंतागढ़ में लौह अयस्क के परिवहन को ध्यान में रखते हुए स्टेशन के नजदीक एक वे ब्रिज और स्टाक यार्ड का निर्माण भी किया गया है। वर्तमान में अंजरेल से अंतागढ़ तक लौह अयस्क का परिवहन सड़क मार्ग से किया जा रहा है। नारायणपुर तक रेललाइन का कार्य पूर्ण हो जाने के बाद पूरा परिवहन रेलमार्ग से किया जाएगा।

### 21 वैगन की पहली रैक

भिलाई इस्पात संयंत्र ने रावघाट क्षेत्र में 3 लाख टन प्रतिवर्ष लौह अयस्क के उत्खनन की अनुमति के बाद शनिवार को अंतागढ़ से 21 वैगन की प्रथम रैक को लोड किया और भिलाई के लिए रवाना किया। अंजरेल से प्राप्त लौह अयस्क में 6 2 प्रतिशत तक आयरन (एफई) की मात्रा है। इस लौह अयस्क से भिलाई इस्पात संयंत्र की इस्पात उत्पादन की लागत में कमी आएगी और देश के विकास में और अधिक योगदान दे सकेगा।

इस अवसर पर संयंत्र के कार्यपालक निदेशक (सामग्री प्रबंधन) ए के भट्टा, कार्यपालक निदेशक (वर्क्स) अंजनी कुमार, कार्यपालक निदेशक (खदान), तपन सूत्रधार, कार्यपालक निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन), एम एम गद्रे, कार्यपालक निदेशक (परियोजनाएं), एस मुखोपाध्याय, कार्यपालक निदेशक (वित्त एवं लेखा),ए के पंडा तथा पूर्व कार्यपालक निदेशक (खदान), मानस बिस्वास, और पूर्व कार्यपालक निदेशक (खदान), पी के सिन्हा,पूर्व महाप्रबंधक (माइन्स एवं रावघाट) ए के मिश्रा, मुख्य महाप्रबंधक (माइन्स एवं रावघाट) समीर स्वरूप, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (लौह), तापस दासगुप्ता सहित मुख्य महाप्रबंधक एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## बप्पा की विदाई





### तीसरे दिन भी हो रहे विसर्जन, बैंडबाजे और डीजे के संग पहुंच रहे शिवनाथ के किनारे

**भिलाई।** गणपति बप्पा की विदाई का दौर रविवार को भी चल रहा है। बड़े पंडालों में अनंत चतुर्दशी के दिन हवन और बप्पा की विदाई के बाद मूर्ति हिलाकर विसर्जन तो समितियों ने कर दिया, लेकिन प्रतिमा को विर्सजन करने का दौर रविवार को भी जारी है। कई समितयों में विशाल प्रतिमा होने और शनिवार को नदी किनारे काफी भीड़ होने की वजह से रविवार को भी विसर्जन हो रहा है। डीजे की धुन पर भजनों पर थिरकते बच्चों से लेकर युवा और महिलाएं गणेश जी की विदाई पर भावुक भी हुए। अपने प्यारे गन्नू महाराज को जाते देख बच्चों ने भी अगले बरस जल्दी आने की कामना की।

#### ड्रेस कोड में दिखे लोग

बड़ी समितियों के लोग विसर्जन के दौरान ड्रेसकोड में नजर आए। कोई सफेद तो कोई गुलाबी तो किसी ने लाल और केसरिया रंग के कपड़े पहने थे। नदी के तट पर अपने प्यारे गणपति को विदाई देने हर कोई आतुर था।

#### क्रिकेटः एशिया कप फाइनल आज

### श्रीलंका की छठी और पाकिस्तान की तीसरी बार चैंपियन बनने पर नजर

**दुबई (एजेंसी)।** एशिया कप टी-20 का फाइनल मुकाबला रविवार को श्रीलंका और पाकिस्तान के बीच खेला जाएगा। आर्थिक संकट के बीच अगर श्रीलंका टूर्नामेंट जीतता है तो उसके देशवासियों को खुशी के कुछ लम्हें मिलेंगे। मगर इसके लिए उसे पाकिस्तान जैसी मजबूत टीम को तीन दिन के भीतर दूसरी बार हराना होगा। श्रीलंका एक तरह से एशिया कप का मेजबान है, लेकिन सुरक्षा कारणों से वह इसका आयोजन अपने देश में नहीं कर पाया और इसलिए संयुक्त अरब अमीरात को इस टूर्नामेंट को आयोजित करने का मौका मिला। दोनों के बीच यह फाइनल में चौथी टक्कर होगी। पिछली तीन में से दो बार श्रीलंका जीतने में सफल रहा है।

दासुन शनाका की अगुवाई वाली श्रीलंकाई टीम के सुपर चार के प्रदर्शन को देखते हुए यह कहा जा सकता है कि बाबर आजम की अगुवाई वाली पाकिस्तानी टीम के लिए चुनौती किसी भी तरह से आसान नहीं होगी। चाहे वह एशियाई क्रिकेट परिषद हो या फिर दुबई के दर्शक, सभी चाहते थे कि फाइनल मुकाबला भारत और पाकिस्तान के बीच हो, लेकिन श्रीलंका ने बेहतरीन प्रदर्शन करके उनके सारे समीकरण बिगाड़ दिए।

## राजनीतिः साथ चाय पीने से नहीं होती विपक्षी एकता, पीके का नीतीश कुमार पर बड़ा हमला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बिहार की राजनीति में सक्रिय होने के बाद चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर एक बार फिर मीडिया के सामने आए और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर तीखा हमला बोला। प्रशांत किशोर ने सीएम नीतीश के दिल्ली दौरे पर सवाल उठाते हुए कहा कि केवल नेताओं से मिलने और साथ चाय पीने से राष्ट्रीय राजनीति नहीं बदलती है। उनके इस कदम से जनता के ऊपर कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है। वहीं प्रशांत किशोर ने नीतीश कुमार के बिहार में भाजपा छोड़ने और महागठबंधन में शामिल होने की बात कहते हुए कहा कि



यह राज्य आधारित घटना है। इसका अन्य राज्यों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि पहले महाराष्ट्र में महागठबंधन की सरकार थी, लेकिन वर्तमान में एनडीए की सरकार है लेकिन इसका असर बिहार पर नहीं पड़ा। उन्होंने कहा कि सीएम नीतीश कुमार के दिल्ली दौरे को अनुचित महत्व दिया गया और राष्ट्रीय राजनीति पर इसका प्रभाव न के बराबर होगा।

#### पीके का राहुल पर हमला

राहुल गांधी को उन राज्यों में यात्रा करनी चाहिए जहां कांग्रेस के सामने भाजपा है। बिहार में अब नीतीश कुमार को जनता के समर्थन से जीत पाना मुश्किल है। नीतीश कुमार के खिलाफ लोगों में गुस्सा है।

### बिहार में कुछ नहीं सुधरा है, नीतीश कुमार कुर्सी से चिपके हुए हैं: प्रशांत किशोर

प्रशांत किशोर ने कहा कि नीतीश कुमार ने बिहार में कोई विकास नहीं किया है। बिहार आज भी पिछड़ा राज्य है। नीतीश कुमार बगैर सरकारी सुरक्षा के निकल जाएं फिर उन्हें विकास समझ में आ जाएगा। नीतीश कुमार 10 वर्षों से राजनीतिक बाजीगरी दिखा रहे हैं और कुर्सी से चिपके हुए हैं। कुर्सी से चिपकने से कुछ नहीं होने वाला है। धरातल पर काम करना होगा।

## श्रीराम-रामसेतु पर छत्तीसगढ़ में सियासत, कांग्रेस ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को भेजा नोटिस, 15 दिनों में मांगा जवाब

**रायपुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ में भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण को लेकर सियासत शुरू हो गई है। कांग्रेस नेता सुशील आनंद शुक्ला, धनंजय सिंह ठाकुर, विधि विभाग प्रदेश अध्यक्ष डॉ. देवा देवांगन ने संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस कर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव को कानूनी नोटिस भेजकर दस्तावेजों की मांग की है। 15 दिनों में जवाब नहीं देने पर मानहानि का केस करने की बात भी कही गई है। छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी ने 3 बिंदुओं पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को भेजा है। साथ ही यह भी बताने कहा है कि कांग्रेस के किस नेता ने कोर्ट में हलफनामा दायर किया है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पार्टी के किसी भी नेता ने भगवान श्रीराम और श्रीराम सेतु को कभी काल्पनिक नहीं बताया था। कांग्रेस पार्टी ने अयोध्या में मस्जिद बनाने का वादा भी कभी नहीं किया था। भाजपा द्वारा कांग्रेस पार्टी की छवि खराब करने की कोशिश की गई है।



## छत्तीसगढ़ मॉडल और भाजपा का दर्द

श्रीकंचनपथ न्यूज




भाजपा की बौखलाहट अब साफ-साफदिखाई देने लगी है. इसके चिल्हर नेताओं की बयानबाजी देखें तो यह एकदम शीशे की तरह साफहो जाता है. केन्द्रीय इस्पात और ग्रामीण विकास राज्यमंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा है कि यदि छत्तीसगढ़ मॉडल सफल होता तो देश में कांग्रेस की ऐसी दुर्दशा नहीं होती. फग्गनबाबू भूल रहे हैं कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की मौजूदा सरकार के अभी चार साल भी पूरे नहीं हुए हैं. वह शतायु कांग्रेस की हालत के लिए जिम्मेदार नहीं हो सकती. फिर वो छत्तीसगढ़ की तुलना गुजरात से करने लगते हैं. फग्गनबाबू यह भी भूल रहे हैं कि 22 साल के छत्तीसगढ़ में 15 साल भाजपा का शासन रहा है. गुजरात एक 62 साल का बुजुर्ग प्रदेश है जहां के अधिकांश परिवारों में कोई न कोई अप्रवासी है. सीबीआई, आईटी और ईडी की बात वे न ही करें तो अच्छा है. ये हमेशा से केन्द्र सरकार के उपकरण रहे हैं. ये और बात है कि जिस बेशर्मी से इन संस्थाओं का उपयोग भाजपा कर रही है, उतना पहले किसी ने नहीं किया. उधर छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल एक अलग मोर्चा खोलकर बैठे हैं. वो कह रहे हैं कि सड़कों पर गौमाता घूम रही है और गौठान खाली पड़े हैं. सारे गौभक्त तो भाजपा में हैं. वो क्यों नहीं इस काम में हाथ बंटाते? गौठान एक व्यवस्था है. यह कोई नोटबंदी नहीं है कि रात को घोषणा कर दी और दूसरे दिन बंद हो गई. इसमें वक्त लगता है. रातों-रात न तो खेती किसानी की आदत बदल सकती है और न ही गौपालन का तरीका. तीसरा मोर्चा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव खोले बैठे हैं. उनके पास भाजपा के राष्ट्रीय मुद्दे हैं. उनकी रणनीति रामसेतु, राम मंदिर और अयोध्या में मस्जिद के इर्दगिर्द घूम रही है. बासी कढ़ी में उबाल लाने की उनकी यह कोशिश कहां तक सफल होती है, यह तो वक्त ही बताएगा पर इस बीच प्रदेश कांग्रेस ने उन्हें नोटिस भेजा है. कांग्रेस ने साव के इन दावों के दस्तावेजी साक्ष्य मांगे हैं. इसके लिए उन्हें 15 दिन की मोहलत भी दी है. यदि जवाब नहीं मिला तो कांग्रेस मानहानि का मुकदमा दायर करने के लिए स्वतंत्र होगी. केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री प्रह्लाद पटेल ने एक अलग ही मोर्चा खोल रखा है. वे मुख्यमंत्री भूपेश को कांग्रेस जोड़ने की सीख दे रहे हैं. बयानों में मर्यादा का पालन करने की सलाह दे रहे हैं. पटेल भूल रहे हैं कि जिस तरह जो कन्वर्ट नहीं हुआ वह हिन्दू है, उसी तरह राजनीति की बात करें तो जो कन्वर्ट नहीं हुआ वह कांग्रेसी है. इन्हें जोड़ने की जरूरत नहीं होती. ये मोह में पड़ जाते हैं तो किसी को भी सिर पर उठाकर नाचते हैं. मोहभंग होता है तो लौटकर कांग्रेसी हो जाते हैं. वो भूल रहे हैं कि आज जिस हाल में कांग्रेस है, भाजपा ने उससे भी बुरे दिन देखे हैं.

## विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवसः दुर्ग एसपी ने दिए सुसाइड रोकने के टिप्स



श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर शनिवार को दुर्ग एसपी डॉ. अभिषेक पल्लव ने आत्महत्या की रोकथाम के लिए सेठ रतन चंद सुराना कॉलेज में कार्यशाला को संबोधित किया। एसपी ने बताया कि इन दिनों गांव से लेकर शहरों तक सुसाइड के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। बच्चे परीक्षा के समय में तनाव से ग्रसित होते हैं। कभी नशे के शिकार बनकर तनावग्रस्त हो जाते हैं। जिससे वह मानसिक तौर से कमजोर हो रहे हैं। ऐसे बच्चों का तनाव कैसे कम किया जाए, कैसे आर्थिक जीवन को बेहतर किया जाए। कैसे अपने जीवन जीने की शैली में परिवर्तन किया जाए। कैसे मानसिक तनाव दूर किया जाए इसकी जानकारी एसपी ने छात्रों को दी।

### यह चीजें रखती हैं तनाव से दूर

एसपी डॉ अभिषेक पल्लव ने बताया कि तनाव से दूर रहने व्यक्ति को अपनी जीवनशैली में बदलाव लाना चाहिए। खासकर सुबह के वक्त वॉकिंग, एक्सरसाइज, योग को अपने जीवन में शामिल करें, ताकि आप दिनभर खुद को ताजा महसूस कर सकें। इसके साथ ही अपने शौक को भी जिंदा रखें जिसमें संगीत, नृत्य, बागवानी, बुक रीडिंग जैसी चीजें शामिल है। यह सारी चीजें हमें तनाव से दूर रखती हैं।

### कार्यक्रम में ये हुए शामिल

कार्यक्रम में प्राचार्य जीएन ठाकरे, प्रोग्राम संचालन डॉक्टर रानी शुक्ला, चेयरमैन प्रवीण चंद्र तिवारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अनंत साहू, नगर पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा, थाना प्रभारी दुर्ग एसएन सिंह, चौकी प्रभारी पदमनाभपुर सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## संपादकीय

# नब्ज तो ठीक पकड़ी है

नफरत छोड़ने का संदेश लेकर जनता के बीच जाना तो ठीक है, लेकिन 'हम दो हमारे दो' की पॉलिटिकल इकॉनमी का आखिर क्या विकल्प राहुल गांधी के पास है? आखिर लोग यह पूछेंगे ही कि इसका मुकाबला करने के लिए कांग्रेस के पास क्या रणनीति है?

कांग्रेस की महंगाई पर हल्ला बोल रैली में राहुल गांधी ने जो भाषण दिया, उससे फिर जाहिर हुआ कि वे उन चंद राजनेताओं में हैं, जो आज की भारत की पॉलिटिकल इकॉनमी के चरित्र को ठोस ढंग से समझते हैं। इस समझ को कुछ समय पहले उन्होंने 'हम दो, हमारे दो'- के जुमले में व्यक्त किया। इस बार उन्होंने ये महत्त्वपूर्ण बात जोड़ी कि नफरत वही करते हैं, जो डरते हैं। इसलिए देश में डर का माहौल बनाया गया है, ताकि लोग आपस में नफरत करें और देश की असली समस्याओं से उनका ध्यान हटा रहा। तमाम संस्थानों पर सत्ताधारी पार्टी के कब्जे की बात वे पहले भी करते रहे हैं। इस बार उन्होंने अपनी ये बात अधिक आक्रामक अंदाज में रखी। इस कब्जे के बीच जो रास्ता उन्होंने सोचा है, उसकी प्रासंगकिता से भी इनकार नहीं किया जा सकता- यानी अब सीधे जनता के बीच जाना। बुधवार से राहुल गांधी इसी रास्ते में कदम रखें है। ये सफर कितना लंबा, कितना मुश्किल और कितना जोखिम भरा होगा, इसका अभी पूरा अंदाजा नहीं लगाया जा सकता है।

> कहा जाता है कि अक्सर ऐसी समझ और विकल्प प्रयोग के दौरान उभरते हैं। ऐसी मिसालों से इतिहास भरा-पड़ा है। इसलिए ये सवाल उठाने का मतलब राहुल गांधी की यात्रा की प्रासंगकिता पर प्रश्न उठाना नहीं है। बल्कि इसके पीछे मकसद उन्हें और उनकी पार्टी को आगाह करना है कि अगर विकल्पों पर सोचने की दृष्टि उन्होंने नहीं दिखाई और पुराने दौर को वापस लाने या कुछ बचाने के नाम तक उन्होंने इस अभियान को सीमित रखा, तो इससे वे अपेक्षाएं पूरी नहीं होंगी, जिसे लेकर वे 3,500 किलोमीटर की लंबी पैदल यात्रा शुरू किए हैं।

लेकिन एक प्रश्न इस मौके पर जरूर उठता है। वो यह कि जनता के बीच नफरत छोड़ने का संदेश लेकर जाना तो ठीक है, लेकिन 'हम दो हमारे दो' की पॉलिटिकल इकॉनमी का आखिर क्या विकल्प राहुल गांधी के पास है? आखिर जब वे इस राजनीतिक अर्थतंत्र की बात करेंगे, तो लोग यह पूछेंगे ही कि इसका मुकाबला करने के लिए कांग्रेस के पास क्या सोच और रणनीति है? कहा जाता है कि अक्सर ऐसी समझ और विकल्प प्रयोग के दौरान उभरते हैं। ऐसी मिसालों से इतिहास भरा-पड़ा है। इसलिए ये सवाल उठाने का मतलब राहुल गांधी की यात्रा की प्रासंगकिता पर प्रश्न उठाना नहीं है। बल्कि इसके पीछे मकसद उन्हें और उनकी पार्टी को आगाह करना है कि अगर विकल्पों पर सोचने की दृष्टि उन्होंने नहीं दिखाई और पुराने दौर को वापस लाने या कुछ बचाने के नाम तक उन्होंने इस अभियान को सीमित रखा, तो इससे वे अपेक्षाएं पूरी नहीं होंगी, जिसे लेकर वे 3,500 किलोमीटर की लंबी पैदल यात्रा शुरू किए हैं।

## भारत-बांग्ला प्रेमालाप

बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना की वर्तमान भारत-यात्रा का महत्व क्या हमारे पड़ौसी देश समझ पा रहे हैं? पाकिस्तान, श्रीलंका, नेपाल और मालदीव में जैसी अफरा-तफरी आजकल मची हुई है, ऐसी पिछले 75 साल में कभी नहीं मची। ये सभी भारत के पड़ौसी देश चीन के चक्रव्यूह में फंसकर गदगद थे। किसी देश में चीन बंदरगाह बना रहा है, किसी में हवाई अड्डे बना रहा है, किसी में सड़कें, रेलें और पुल बन रहे हैं और कहीं चीन लंबी अवधि के लिए द्वीप के द्वीप लीज पर लेकर सैनिक अड्डे खड़े कर रहा है लेकिन कुछ ही वर्षों में हमारे इन पड़ौसी देशों को पता चल गया है कि वे चीनी कर्जे के बोझ के नीचे दबते चले जा रहे हैं और ठोस उपलब्धि के नाम पर शून्य नजर आ रहा है।

यों तो बांग्लोदश की स्थिति अन्य पड़ौसियों के मुकाबले बेहतर है और शेख हसीना के शासन-काल में उसकी सर्वविध उन्नति भी काफी हुई है लेकिन बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था भी डगमगाने लगी है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के आगे झोली फैलाने की नौबत अब बांग्लादेश पर भी आन पड़ी है। हसीना सरकार के विरोधी उस पर जमकर हमला बोल रहे हैं। प्रदर्शनों, जुलूसों और हड़तालों का दौरदौरा शुरु हो गया है। ऐसे विकट समय में प्रधानमंत्री शेख हसीना की भारत-यात्रा का महत्व अपने आप असाधारण बन जाता है।

हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बांग्लादेश के प्रति प्रारंभ से ही अत्यंत स्नेहपूर्ण रवैया अपनाया है। उन्होंने प्राकृतिक संकट का मुकाबला करने के लिए बांग्लादेश की जो मदद प्रधानमंत्री बनते से ही की थी, उसे बांग्ला जनता अभी तक याद करती है। शेख हसीना की इस भारत-यात्रा के दौरान कुशियारा नदी के बारे में जो समझौता हुआ है, उससे दोनों देशों को लाभ होगा! तीस्ता नदी के बारे में भी रचनात्मक संकेत दोनों तरफ से मिले हैं। बांग्लादेश और भारत के बीच छोटी-मोटी 54 नदियां हैं। दोनों देशों के बीच 4000 किमी की सीमा है।

बांग्लादेश आजकल ब्रिटेन की तरह भयंकर ऊर्जा-संकट से गुजर रहा है। दो बिलियन डॉलर की लागत से खुलना में बनने वाले बिजलीघर का दोनों नेताओं ने उदघाटन भी किया। इसमें भारत 1.6 बिलियन डॉलर लगाएगा। इसके अलावा बांग्लादेश की रेल्वे और सड़कों के निर्माण में भी भारत जमकर मदद करेगा। भारत लगभग 500 मिलियन डॉलर की मदद प्रतिरक्षा उपकरणों के लिए भी दे रहा है।

बांग्लादेश को भारत तरह-तरह की फौजी सामान देने में भी सक्रिय सहयोग कर रहा है। इस समय भारत का पूरे दक्षिण एशिया में सबसे ज्यादा व्यापार बांग्लादेश के साथ है। पिछले साल आपसी व्यापार सिर्फ 10.78 बिलियल डॉलर का था। इस साल वह 44 प्रतिशत बढ़कर 18.13 बिलियन डॉलर का हो गया है। दोनों देश मिलकर अब एक वृहद व्यापार समझौते की तैयारी भी कर रहे हैं। दोनों देश आतंकवाद के खिलाफ भी कटिबद्ध हैं। शेख हसीना को अपने सांप्रदायिक तत्वों के साथ जरा सख्ती बरतने की भी जरुरत है। यदि मोदी इस बात पर भी जोर देते तो अच्छा रहता।

**वेद प्रताप वैदिक**

> “ कुछ हफ्ते पहले पार्टी ने सबसे सफल साबित हुए संगठन मंत्री सुनील बंसल को पश्चिम बंगाल, ओडिशा और तेलंगाना का प्रभारी बनाया है। यकीनन, भाजपा के खेवैयों को आने वाली चुनौतियों का अंदाज है। वे उनसे निपटने के उपायों पर काम कर रहे हैं। यहां यह भी गौरतलब है कि भाजपा अंदर ही अंदर बड़े खेल रचने में महारत रखती है। दल के दलपति विपक्ष को चौंकाने में यकीन रखते हैं। आने वाले वक्त के लिए उन्होंने अपनी आस्तीन में क्या छिपा रखा है, कोई नहीं जानता।

# नीतीश कितने कारगर होंगे

शशि शेखर

पिछले हफ्ते की तीन महत्वपूर्ण घटनाओं पर नजर डाल देखिए। ये सियासी पहलकदमियां 2024 में होने वाले आम चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगी।

हफ्ते की शुरुआत में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नई दिल्ली में तमाम विपक्षी नेताओं से लंबी मुलाकातें कीं। वह अगर राहुल गांधी से मिले, तो उनके प्रमुख प्रतिद्वंद्वी अरविंद केजरीवाल के साथ भोजन किया। केजरीवाल भ्रष्टाचार के खिलाफ युद्ध में स्वघोषित जेहादी हैं, पर नीतीश सजायाफ्ता ओमप्रकाश चौटाला से भी मिले। उन्होंने वामपंथियों के विभिन्न धड़ों से भेंट की और मेदांता में स्वास्थ्य लाभ कर रहे मुलायम सिंह का भी हालचाल लेना वह नहीं भूले। इस दौरान सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव भी मौजूद रहे। आखिरी दिन उन्होंने वरिष्ठतम विपक्षी नेता शरद पवार से लंबी बातचीत की।

नीतीश इससे पहले पटना में तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव के साथ लंबी मुलाकात कर चुके हैं। आने वाले दिनों में गैर-भाजपा शासित क्षेत्रों के मुख्यमंत्रियों और विपक्ष के नेताओं से उनका संवाद तय है। इस मैराथन मशक्कत से क्या नीतीश कुमार विभाजनग्रस्त विपक्ष को एकजुट कर भाजपा को पछाड़ने का पराक्रम कर सकेंगे?

नीतीश और उनके सहयोगियों को लगता है कि भाजपा उत्तर और पश्चिम भारत में मौजूद 250 में से 200 सीटें जीतकर सत्ता में आई। अगर इनमें से 40 भी कम हो जाएं, तो तस्वीर का रुख बदल सकता है। उनका तर्क है कि 2019 में एनडीए दस राज्यों और केंद्र शासित क्षेत्रों- अरुणाचल, गुजरात, हिमाचल, हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली, त्रिपुरा, उत्तराखंड, चंडीगढ़ और दमन-दीव में संपूर्ण सीटें जीतने में कामयाब रहा। इस बड़े भूभाग से 83 सांसद चुनकर आते हैं। इसके अलावा, उत्तर प्रदेश, असम, कर्नाटक, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड और बिहार के कुल 264 लोकसभा क्षेत्रों से भगवा दल को 184 सीटें हासिल हुई थीं।

इनमें से महाराष्ट्र और बिहार में एनडीए के प्रमुखतम घटक दलों ने दूसरा रास्ता चुन लिया है। इसी आधार पर उनका मानना है कि भाजपा अपने और अन्य छोटे दलों के बूते यह चमत्कार दोहराने में अब शायद ही कामयाब हो। इसके साथ ही उनकी नजर उन 11 राज्यों और केंद्र शासित क्षेत्रों पर है, जहां से भाजपा को एक भी सीट नहीं मिली थी। इनमें से अधिकांश में भगवा दल अपने दम पर कोई बड़ा करिश्मा करने की स्थिति में उन्हें नजर नहीं आता।

यह तर्क लुभावना लगता है, पर इसमें कई पेच हैं।

पश्चिम बंगाल का उदाहरण लें। 2019 के सीधे मुकाबले में भाजपा ने प्रदेश की 42 सीटों में से 18 हासिल की थीं। इसके बरक्स पिछले विधानसभा चुनाव में ममता बनर्जी ने अभूतपूर्व जीत हासिल की। यहां गौरतलब है कि 2021 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को शून्य और वाम दलों को महज एक सीट मिली। 'दीदी', कांग्रेस और वाम दलों को लोकसभा चुनाव में भी दूर रखने की हामी हैं। गए गुरुवार को उन्होंने विपक्षी एकता की वकालत करते हुए कहा कि हम सोरेन, नीतीश और अखिलेश के



साथ मिलकर चुनाव लड़ेंगे। कांग्रेस का नाम वह गोल कर गईं। कुछ ऐसा ही रवैया तेलंगाना के सत्तापति के चंद्रशेखर राव रखते हैं। जेडी-यू के एक आशान्वित नेता का दावा है कि नीतीश कुमार ने जैसे ही भाजपा से अलग होने की घोषणा की, उन्हें सबसे पहला फोन ममता बनर्जी ने किया। नीतीश आने वाले दिनों में पश्चिम बंगाल का दौरा करने जा रहे हैं। क्या बिहार के मुख्यमंत्री तीसरा मोर्चा बनाने की समर्थक ममता और केसीआर को 'मुख्य मोर्चा' गठित करने के लिए मना पाएंगे? यही नहीं, अरविंद केजरीवाल भी 'जोड़-तोड़' की राजनीति के खिलाफहैं। यही वह मुकाम है, जो नीतीश कुमार की मंशा को पूरा करने में रोड़ा पैदा करता है।

इन तीनों के अलावा दो अन्य नेता विपक्षी एकता की राह का रोड़ा बन सकते हैं। वे हैं, अखिलेश यादव और मायावती। इन दोनों को साथ लाए बिना उत्तर प्रदेश का रण जीतना नामुमकिन है। बताने की जरूरत नहीं कि यह सूबा लोकसभा में 80 सदस्यों का योगदान करता है। इनमें से 64 पर भाजपा का कब्जा है। अगले चुनाव के लिए पार्टी ने 75 सीटों पर दांव लगा रखा है।

अब दो अन्य घटनाओं की बात।

राहुल गांधी ने कन्याकुमारी से बुधवार को 'भारत जोड़ो' यात्रा की शुरुआत की। वह इस दौरान कश्मीर तक जाएंगे। कन्याकुमारी से इस सफर की शुरुआत के पीछे उनका मकसद साफ है। कांग्रेस की अगुवाई वाला तथाकथित यूपीए दक्षिण भारत में अपेक्षाकृत मजबूत स्थिति में है। विंध्य के उस पार स्थित तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में कांग्रेस को 129 में से 27 सीटें मिली थीं, जबकि भाजपा ने 29 लोकसभा क्षेत्रों में विजय हासिल की। कांग्रेस को लगता है कि यदि विपक्षी एकता का माहौल पुरगर्म हुआ, तो दक्षिण से भाजपा को पहले जितनी सीटें मिलनी असंभव हैं। कांग्रेस को उबारने में हमेशा दक्षिण भारत ने बड़ी भूमिका अदा की है। इंदिरा, सोनिया और अब राहुल गांधी को जब-जब निराशा मिली, वे दक्षिण की शरण में गए। राहुल आज भी केरल के वायनाड से लोकसभा सदस्य हैं। पिछले चुनाव में अमेठी ने उन्हें ठुकरा दिया था।

इस दौरान एक और शख्स अपनी ताकत आजमा रहा है- अरविंद केजरीवाल। उन्होंने अपनी जन्मभूमि हिसार से बुधवार को ही 'मेक इंडिया नंबर-1' अभियान की शुरुआत की। वह भी इस दौरान देश के चुनिंदा हिस्सों में मतदाताओं से मिलकर अपनी बात रखेंगे। केजरीवाल पंजाब की जीत से उत्साहित हैं और प्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री के गृह राज्य गुजरात में भी ताल ठोक रहे हैं। उन्होंने 2014 में मोदी के खिलाफ चुनाव लड़ा था, पर नाकाम रहे थे। देखना यह है कि अब उनकी कोशिशें कितनी कामयाब होती हैं?

अब भारतीय जनता पार्टी पर आते हैं। यह ठीक है कि उसके साथ बड़े सहयोगी नहीं रह बचे, पर भाजपा का शीर्ष नेतृत्व इससे परेशान नहीं दीखता। वजह? मोदी, शाह और नड्डा की तिकड़ी भाजपा की हर हाल में जीत की अभिलाषा को सान चढ़ाती रहती है। अब तक आए सभी सर्वेक्षण लोकप्रियता के पैमाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अच्छे-खासे अंकों के साथ अव्वल आंकते आए हैं। यह अकारण नहीं है कि नीतीश कुमार जिस दिन केजरीवाल और चौटाला से मिल रहे थे, उसी दिन अमित शाह और जेपी नड्डा ने अपने मंत्रियों के साथ पदाधिकारियों की बैठक में उन 144 सीटों पर खास नजर रखने और मोदी के नाम पर वोट मांगने को कहा, जहां भाजपा मामूली अंतर से हारी थी। यही नहीं, भाजपा आंध्र में चंद्रबाबू नायडू से भी गठबंधन के रास्ते तलाश रही है। कुछ हफ्ते पहले पार्टी ने सबसे सफल साबित हुए संगठन मंत्री सुनील बंसल को पश्चिम बंगाल, ओडिशा और तेलंगाना का प्रभारी बनाया है। यकीनन, भाजपा के खेवैयों को आने वाली चुनौतियों का अंदाज है। वे उनसे निपटने के उपायों पर काम कर रहे हैं। यहां यह भी गौरतलब है कि भाजपा अंदर ही अंदर बड़े खेल रचने में महारत रखती है। दल के दलपति विपक्ष को चौंकाने में यकीन रखते हैं। आने वाले वक्त के लिए उन्होंने अपनी आस्तीन में क्या छिपा रखा है, कोई नहीं जानता।

तय है, 2024 की बिसात बिछ चुकी है, पर शुरुआत के ये दांव-पेच किसी निष्कर्ष की मुनादी नहीं करते। दोनों तरफमंजे हुए खिलाड़ी हैं। अंतिम नतीजे तक इंतजार करना ही बेहतर होगा।

# बेटी पढ़ाओ, मगर बेटे को भी जरूर समझाओ


सृष्टि बख्शी, महिला अधिकार कार्यकर्ता

कन्याकुमारी से कश्मीर तक की एक पदयात्रा आजकल देश-दुनिया में सुर्खियां बटोर रही है। उसके राजनीतिक निहितार्थ और फलितार्थ पर वर्षों तक चर्चा होगी। लेकिन आज से ठीक पांच साल पहले सितंबर 2017 में उसी कन्याकुमारी से श्रीनगर तक की सड़कों पर एक अनजान युवती खास मकसद के साथ उतर आई थी और दुनिया भर में सुर्खरू हो गई। उसका नाम है सृष्टि बख्शी! सृष्टि की उस पदयात्रा का मकसद देश की आधी आबादी को जगाना था।

आज से करीब 35 साल पहले एक मध्यवर्गीय फौजी परिवार में जन्मी सृष्टि का पालन-पोषण काफी सुरक्षित माहौल में हुआ। लेकिन बाहर की दुनिया कितनी भयानक है, इसका एहसास उन्हें पहली बार तब हुआ था, जब बहुत इसरार के बाद माता-पिता ने उन्हें स्कूली दोस्तों के साथ थिएटर में फिल्म देखने के लिए अकेले जाने की इजाजत दी थी। सृष्टि की उम्र तब 14 साल रही होगी। माता-पिता की निगरानी से मुक्त इस तफरीह को लेकर वह काफी उत्साहित थीं। आजादी का ऐसा एहसास पहली बार हुआ था। लेकिन ठसाठस थिएटर में अपनी सीट पर पहुंचने से चंद फर्लांग पहले अंधेरे में किसी ने उन्हें बुरी तरह दबोच लिया था। सृष्टि उस अपराधी को पहचान पातीं, उसके पहले ही वे हाथ गायब हो गए थे। एक चीख के साथ वह थिएटर के बाहर भाग आईं।

खौफऔर अपमान का बोध लिए सृष्टि घर तो लौट आईं, मगर वह पूरी रात एक अजीब कैफियत में गुजरी। अब तो घर से बाहर निकलते हुए मन सिहर उठता था। वह वाकया भीतर गहरे पैठ चुका था। देश-दुनिया में लड़कियों और महिलाओं के साथ होने वाली उत्पीड़न की घटनाएं सृष्टि को बेचैन कर जाती थी। लेकिन वह यह बात अच्छी तरह समझ चुकी थीं कि इस भय को जीतने का एकमात्र रास्ता यही है कि स्त्रियां समाज में बराबरी की हैसियत हासिल करें। सृष्टि बचपन से ही किसी बहुराष्ट्रीय कंपनी की सीईओ बनने के ख्वाब देखा करती थीं। इसलिए साल 2004 में देहरादून की 'सेंट जोसेफ एकेडमी' से कॉमर्स में आईएसी करने के बाद वह मुंबई के 'सेंट जेवियर्स कॉलेज' चली गईं, जहां से साल 2007 में उन्होंने मास मीडिया में बैचलर की डिग्री हासिल की। इसके बाद उनका अगला शैक्षिक पड़ाव बना हैदराबाद का 'इंडियन स्कूल ऑफबिजनेस।'

एमबीए की डिग्री मिलते ही 'आईटीसी लिमिटेड' जैसे प्रतिष्ठित संस्थान में उनका चयन भी हो गया। कोलकाता में बतौर ब्रांड



मैनेजर मिली इस नियुक्ति ने सृष्टि में जबर्दस्त आत्मविश्वास का संचार किया था। दो साल बाद ही 2013 में वह मुंबई की 'रेड बुल' कंपनी की नेशनल ब्रांड मैनेजर थीं। इसी बीच उनकी शादी हो गई और साल 2014 में वह पति के साथ हांगकांग चली गईं। योग्यता और अनुभव ने जल्द ही उन्हें वहां भी एक प्रतिष्ठित कंपनी का हिस्सा बना दिया। वह कंपनी में मिल रही पहचान और पुरस्कार, दोनों से काफी संतुष्ट थीं।

हांगकांग में दुनिया के अलग-अलग हिस्से से आए लोगों के साथ सृष्टि का उठना-बैठना था। उन सबसे बातचीत के दौरान उन्होंने शिद्दत से यह महसूस किया कि हर किसी के पास भारत को लेकर अपनी ही धारणा है। लगभग हर कोई भारत आना चाहता था, ताजमहल देखना चाहता था, योग के बारे में जानने को उत्सुक था, पर भारतीय पुरुषों के बारे में उनमें से लगभग हर एक की यही सोच थी कि वे 'दुष्कर्मी' प्रकृति के होते हैं। यह बात सृष्टि को चुभती थी। वह अपने देश के बचाव में अक्सर यही दलील देतीं कि बलात्कार की घटनाएं तो दुनिया के हरेक हिस्से में घटती हैं और कोई देश इससे अछूता नहीं। लेकिन हिन्दुस्तान से आने वाली खबरें उन्हें प्राय: उन विदेशियों के आगे शर्मिंदा कर जातीं। साल 2016 की जुलाई की बात है। नोएडा में रहने वाला एक परिवार रात्रि में अपनी कार से शाहजहांपुर स्थित अपने पैतृक गांव जा रहा था। इस दौरान बुलंदशहर के दोस्तपुर गांव के आसपास डाकुओं ने न सिर्फ परिवार को लूटा, बल्कि कार सवार दो महिलाओं को बाहर खींचकर उनके साथ सामूहिक दुष्कर्म भी किया। इनमें एक 13 साल की मासूम बच्ची भी थी। सृष्टि ने जब इस खबर को पढ़ा, तो वह दहल उठीं। कई दिनों तक वह सदमे की हालत में थीं। उसी वक्त उन्होंने तय किया कि महिलाओं को इस ज्यादती के खिलाफ जागरूक करना बहुत जरूरी है। लोकलाज की आड़ में वे इस जुल्म को अब और खामोश बढ़ावा नहीं दे सकतीं।

जब सृष्टि ने महिला सुरक्षा को मुद्दा बनाकर कन्याकुमारी से कश्मीर तक पदयात्रा का विचार रखा, तो ज्यादातर लोगों ने उनका उपहास उड़ाते हुए कहा, 'इससे क्या होगा? तुम कुछ नहीं कर पाओगी? भारत में हमेशा से पितृ-सत्तात्मक समाज रहा है और यह बदलने नहीं वाला।' लेकिन सृष्टि के पति ने उनका हौसला बढ़ाते हुए कहा- जाओ, जो ठाना है, वह करो। करीब 60 लाख रुपये सालाना तनख्वाह वाली नौकरी छोड़ सृष्टि हिन्दुस्तान आईं और एक टीम बनाकर कन्याकुमारी से 15 सितंबर, 2017 को जन-जागरण अभियान पर निकल पड़ीं। रोज उनके साथ 150-200 लोग जुड़ते गए। 230 दिनों तक चली 3,800 किलोमीटर की इस पदयात्रा में वह 12 राज्यों की करीब एक लाख औरतों से मिलीं। लगभग 120 कार्यशालाओं का उन्होंने आयोजन किया।

पता नहीं, उनकी उस पदयात्रा से समाज में कितना बदलाव आया, पर इस पहल ने सृष्टि को अंतरराष्ट्रीय पहचान अवश्य दिला दी। महारानी एलिजाबेथ द्वितीय ने तो 2018 में उन्हें 'कॉमनवेल्थ प्वॉइंट ऑफ लाइट' से नवाजा था। संयुक्त राष्ट्र ने भी उन्हें सम्मानित किया। सृष्टि का नारा है- 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' तो महत्वपूर्ण है ही, मगर 'बेटे को समझाओ' उससे कम अहम नहीं!

**प्रस्तुति : चंद्रकांत सिंह**

# विपक्ष के सामने कुआं और खाई

अजीत द्विवेदी

अगले लोकसभा चुनाव की तैयारियों में लगी विपक्षी पार्टियां इस बुनियादी सवाल पर बंटी हैं कि उनका प्रधानमंत्री पद का दावेदार कौन होगा। कहने को कोई भी विपक्षी नेता अपने को दावेदार नहीं बता रहा है। लेकिन सबको पता है कि विपक्षी एकजुटता के सामने यह सबसे बड़ी चुनौती है। पार्टियों के बीच गठबंधन, सीटों का बंटवारा, साझा न्यूनतम कार्यक्रम आदि चीजें तय करने में कोई दिक्कत नहीं है क्योंकि सारी विपक्षी पार्टियां किसी न किसी समय एक साथ रह चुकी हैं। सबको एक-दूसरे की विचारधारा का पता है और सरकार चलाने के तौर-तरीकों से भी सब वाकिफ हैं। चुनाव लड़ने-लड़ाने की एक-दूसरे की क्षमता भी सबको पता है और किसी प्रादेशिक पार्टी को दूसरे राज्य में जाकर लड़ने की जरूरत नहीं है। इसलिए सीट बंटवारे की समस्या भी नहीं है। असली समस्या यह है कि नरेंद्र मोदी को चुनौती देने वाला चेहरा कौन होगा? कोई चेहरा होगा भी या नहीं?

तभी विपक्षी पार्टियां इस सवाल को टाल रही हैं। पटना में के चंद्रशेखर राव ने यह कहते हुए इस सवाल का जवाब टाला कि यह बाद में तय होगा तो दिल्ली में नीतीश कुमार ने इस सवाल को टालते हुए कहा कि वे प्रधानमंत्री पद के दावेदार नहीं हैं। तृणमूल कांग्रेस के नेता पहले कई बार ऐलान कर चुके हैं कि ममता बनर्जी के लिए अब दिल्ली दूर नहीं है लेकिन अब उनकी पार्टी भी मुंह बंद करके बैठी है। शरद पवार पहले ही उम्र और सेहत के आधार पर अपने को अलग कर चुके हैं।

एक अरविंद केजरीवाल जरूर अपनी डफली बजा रहे हैं और उनकी पार्टी दावा कर रही है कि 2024 का चुनाव मोदी बनाम केजरीवाल होकर रहेगा लेकिन उनकी हकीकत सबको पता है। संभव है कि मौजूदा लोकसभा की तरह अगली लोकसभा में भी उनके पास एक भी सांसद न हो। अगर उनकी पार्टी बेहतर प्रदर्शन करे तब भी उनके लोकसभा सांसदों की संख्या दहाई में पहुंचने की संभावना लगभग शून्य है। इसलिए उनके ढिंढोरा पीटने का कोई मतलब नहीं है।

अब सवाल है कि विपक्षी पार्टियों क्यों इस सवाल को लेकर दुविधा में हैं और उनके सामने क्या विकल्प हैं? यह भी सवाल है कि विपक्ष के लिए बेहतर क्या होगा- पीएम पद का दावेदार पेश करना या बिना दावेदार पेश किए चुनाव लड़ना? इसका जवाब आसान नहीं है। इसमें एक तरफ कुआं है तो दूसरी तरफ खाई है। पहले इस विकल्प पर विचार करें कि विपक्ष बिना दावेदार पेश किए लड़ता है तो क्या होगा? इस संभावना को देखते हुए भाजपा के आईटी सेल का प्रचार पहले ही शुरू हो गया है। सोशल मीडिया में ऐसी पोस्ट आने लगी है कि अगर विपक्षी पार्टियों की सरकार बनी तो हफ्ते के सातों दिन सात नेता बतौर प्रधानमंत्री काम करेंगे। एक दिन नीतीश कुमार तो दूसरे दिन ममता बनर्जी, तीसरे दिन शरद पवार, चौथे दिन अरविंद केजरीवाल आदि आदि। बिना दावेदार पेश किए लड़ने पर दूसरा प्रचार यह होगा कि विपक्ष के पास मोदी से मुकाबले का कोई नेता नहीं है। तब अकेले मोदी दावेदार होंगे और इसमें कोई संदेह नहीं है कि उनका चेहरा अब भी सबसे ज्यादा वोट आकर्षित करने वाला चेहरा है।

अगर विपक्ष दूसरा विकल्प चुनता है यानी दावेदार पेश करके लड़ने का फैसला करता है तो सबसे बड़ा सवाल है कि वह चेहरा कौन होगा? क्या विपक्ष के पास मोदी की तरह अखिल भारतीय पहचान और अपील वाला कोई चेहरा है? विपक्ष के हर नेता की सीमाएं हैं। नीतीश कुमार का चेहरा विपक्ष को बिहार और झारखंड के अलावा कहीं और वोट नहीं दिला सकता है। वे चेहरा होंगे तो पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी को या महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे और शरद पवार को अतिरिक्त वोट नहीं दिला सकेंगे। इसी तरह ममता बनर्जी चेहरा होंगी तो वे बंगाल से बाहर किसी दूसरे राज्य में अतिरिक्त वोट नहीं दिला सकेंगी। इस तरह की सीमाएं हर प्रादेशिक नेता की हैं। जहां तक राहुल गांधी की बात है तो पिछले आठ-दस साल के सुनियोजित प्रचार से उनकी छवि एक अगंभीर और कम बुद्धि वाले नेता की बना दी गई है। तभी इस रणनीति में ज्यादा खतरे हैं। जैसे सबसे पहले तो चेहरा पेश होते ही मोदी के साथ उसकी तुलना होगी। राजनीतिक और प्रशासनिक क्षमता के अलावा दूसरे कई पहलुओं से यह तुलना होगी। ध्यान रहे पिछले आठ-दस साल में सोशल मीडिया में मोदी की ऐसी छवि गढ़ी गई है कि कोई भी नेता उनका मुकाबला नहीं कर सकता है। उनकी ईमानदारी, सादगी, देशभक्ति, बहादुरी आदि के ऐसे ऐसे किस्से जनता के दिमाग में बैठाए गए हैं कि उनके बरक्स दूसरा कोई भी नेता बहुत छोटा प्रतीत होगा। दूसरा खतरा यह है कि प्रादेशिक पार्टियों की अस्मिता की राजनीति नहीं चल पाएगी।


स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे

9827806026, 7869620239















श्रीकंचनपथ

छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM



मोर शहर मोर जिम्मेदारी

# अब आकाशगंगा के व्यवसाई भी मैदान में, विकास में निभाएंगे जिम्मेदारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** मोर शहर मोर जिम्मेदारी के तहत महापौर नीरज पाल लगातार शहर के प्रबुद्ध जनों के साथ बैठक कर रहे हैं। मोर शहर मोर जिम्मेदारी के तहत इसकी अवधारणा से सभी को अवगत कराया जा रहा है। औद्योगिक जगत के मालिकों के साथ बैठक करने के बाद आज आकाशगंगा के व्यापारियों के साथ महापौर ने सार्थक चर्चा की।

महापौर ने कहा कि शहर के विकास के लिए तथा इसकी सुंदरता को बनाए रखने के लिए आम नागरिकों से लेकर सभी की जिम्मेदारी महत्वपूर्ण है, उन्होंने कहा कि शहर की अधोसंरचना बहुत बेहतर है और इसमें सौंदर्यीकरण को लेकर बहुत से विकल्प हैं और संभवनाएं है जिसे मोर शहर मोर जिम्मेदारी के तहत पूरा किया जा सकता है। उन्होंने आकाशगंगा के व्यापारियों से भी मोर शहर मोर जिम्मेदारी के तहत सौंदर्यीकरण को लेकर चर्चा की।



आकाश गंगा के व्यापारियों ने कहा कि हम अपनी जिम्मेदारी से वाकिफहै और हर संभव प्रयास शहर की सुंदरता के लिए किया जाएगा।

व्यापारियों ने कहा कि प्रारंभिक तौर पर आकाशगंगा के पार्किंग स्थल को तैयार करेंगे, जिससे ट्रैफिक्र की समस्या दूर हो जाए। ठेले और गुमटियो को भी व्यवस्थित करने, आसपास के स्थलों में सजावटी पौधे लगाने, सुरक्षा गार्ड रखकर वाहनों को व्यवस्थित रखने, कचरा इधर उधर नही फेकने आदि पर सहमति जताई। निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने कहा कि भिलाई आपका अपना शहर है और अपने क्षेत्र को हम कैसे अच्छा बना सकते हैं, इस पर कार्य योजना तैयार कर इस पर अमल किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पहले हमें पहल करनी होगी और यदि कोई दूसरा गलतियां करता है तो उसे टोकना भी होगा, आकाशगंगा एक अलग यूनिफार्म में नजर आए तो मार्केट क्षेत्र व्यवस्थित नजर आएगा।

आकाशगंगा का क्षेत्र पूरे भिलाई के लिए उदाहरण बने ऐसी मंशा के साथ कार्य करना होगा। व्यापारियों ने इस पर सहमति जताई और प्लानिंग के साथ कार्य करने आश्वस्त किया। आकाशगंगा के व्यापारियों ने पृथक से एक महिला शौचालय की मांग भी की। बैठक में प्रमुख रूप से अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, आकाशगंगा व्यापारीयो में संतोष जैन, पीयूष, आतिश जैन, प्रवीण बोथरा, गिरीश सावलानी, वीरेंद्र जैन, मनोज जैन, एके वर्मा, एल एन पटनाकर, पंकज राठी राजेश, शैलेश, सजल जैन तथा निगम के जोन आयुक्त मनीष गायकवाड, सहायक अभियंता आलोक पसीने एवं विनीता वर्मा, उप अभियंता अर्पित बंजारे एवं पुरुषोत्तम सिन्हा आदि मौजूद रहे।

# कलेक्टर ने महापौर, विधायक के साथ डब्ल्यूआरएस दशहरा उत्सव की तैयारियों का लिया जायजा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने डब्ल्यू.आर.एस. कॉलोनी में विजयदशमी पर्व पर आयोजित होने वाले ऐतिहासिक दशहरा उत्सव के लिए की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। महापौर एजाज ढेबर, छ.ग. गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष व विधायक कुलदीप जुनेजा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल, नगर निगम कमिश्नर मयंक चतुर्वेदी सहित आयोजन समिति के पदाधिकारी इस दौरान साथ थे।



राजधानी रायपुर के डब्ल्यू.आर.एस. कॉलोनी मैदान में विगत 52 वर्षों से ऐतिहासिक दशहरा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी इस ऐतिहासिक आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित होते हैं। इस आयोजन को लेकर अंचल में विशेष उत्साह रहता है एवं लाखों की संख्या में अंचलवासी रावण वध देखने इस मैदान में एकत्र होते हैं। डब्ल्यू.आर.एस. कॉलोनी मैदान में इस वर्ष भी आयोजन की तैयारियां की जा रही हैं। इसके अंतर्गत रावण, मेघनाथ व कुंभकर्ण के विशाल पुतलों का निर्माण शुरू हो गया है। इसके अलावा प्रसिद्ध टीवी सीरियल रामायण के भगवान राम और सीता की भूमिका निभाने वाले अरुण गोविल एवं दीपिका चिखलिया भी इस आयोजन में शामिल रहेंगे। आयोजन समिति द्वारा शोभायात्रा, आकर्षक आतिशबाजी के साथ पूरे आयोजन को भव्य स्वरूप दिया जा रहा है। माता कौशल्या की जन्म स्थली एवं भगवान राम के ननिहाल व राम वन गमन पथ के रूप में प्रतिष्ठित छत्तीसगढ़ में विजयादशमी पर्व के लिए विशेष उत्साह रहता है। कलेक्टर डॉ. भुरे ने आज इस आयोजन से जुड़ी सभी तैयारियों का विस्तार से जायजा लिया एवं अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। दशहरा उत्सव समिति के पदाधिकारियों ने अब तक की गई तैयारियों की उन्हें विस्तृत जानकारी दी। कलेक्टर ने अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देशित किया है कि इस गरिमामय आयोजन से जुड़ी सभी तैयारियां सुनिश्चित की जाएं एवं जन सुविधा, लोक सुरक्षा, आवागमन, पेयजल, साफ-सफाई जैसी बुनियादी सुविधाओं का विशेष ध्यान रखें। इस दौरान नगर निगम के एमआईसी सदस्य नागभूषण राव, पार्षद अमितेश भारद्वाज, पूर्व पार्षद राधेश्याम विभार आयोजन समिति के पदाधिकारी निवास राव, लूंका, अजय जोशी, चेतन चंदेल, गौतम यादव, सूरज पटनायक, मनोज थापा भी उपस्थित रहे।

## खास खबर



### जिला न्यायाधीश कटकवार ने किया वाटर कूलर का लोकार्पण

**कोरबा।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोरबा डी.एल. कटकवार द्वारा पेयजल वाटर कूलर का लोकार्पण किया गया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा पूजा अर्चना फीता काटकर एवं एसबीआई के पट्टी का अवलोकन कर लोकार्पण किया गया। भारतीय स्टेट बैंक द्वारा लोक कल्याणकारी हेतु विभिन्न योजना चलाया जा रहा है। इन्हीं योजनाओं में से निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत जिला न्यायालय कोरबा के प्रथम तल पर अधिकारी कर्मचारी अधिवक्ता एवं रोज सैकड़ों की संख्या में शहर गांव से आने वाले पक्षकारों को शुद्ध शीतल पेयजल व्यवस्था हेतु भारतीय स्टेट बैंक द्वारा वाटर कूलर का स्थापना किया गया है। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी प्रदीप गुप्ता, राजेंद्र भार्गव कोर्ट मैनेजर, अनिल पटेल उपाधीक्षक, दिनेश टेंगवार अध्यक्ष न्यायिक कर्मचारी संघ, प्रकाश टोपनो मुख्य प्रबंधक, प्रसन्न त्रिवेदी मुख्य प्रबंधक विक्रय एवं व्यापार विकास, किरण कुमार लुगुन प्रबंधक, मोहम्मद शाहिद क्षेत्रीय प्रबंधक, संतोष झा खगेंद्र प्रधान देव सिंह सुनील धुर्वे आगा खान प्रवीण कुमार एवं न्यायिक व बैंक कर्मचारी पक्षकारों की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

महापौर और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री ने किया भूमिपूजन

# 32 लाख की लागत से चार वार्ड में बनेगी सड़के, लोगों को मिलेगी सुविधा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रिसाली ।** रिसाली महापौर शशि सिन्हा व प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री जितेंद्र साहू ने अलग अलग वार्ड में बनने वाले सड़क व गली सीमेंटीकरण के लिए शनिवार को भूमिपूजन किया। निगम ने चार कार्य के लिए कुल 32 लाख स्वीकृत किया है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि गृह मंत्री व क्षेत्रीय विधायक ताम्रध्वज साहू के मार्गदर्शन में रिसाली क्षेत्र में विकास निरंतर किया जा रहा है। लोगो को अधिक से अधिक सुविधा मिले यही उनका प्रयास है।



छोटा निगम होने के बाद भी हर वार्ड में कार्य स्वीकृत किया गया है। जिसका क्रमशः भूमि पूजन वे कर रही है। महापौर व प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री सुबह 9 बजे सबसे पहले वार्ड 23 पहुंचे। इसके बाद वार्ड 25 आशीष नगर , वार्ड 10 रिसाली सेक्टर दशहरा मैदान, और वार्ड 9 डीपीएस रिसाली सेक्टर पहुंचकर सड़क बनाने भूमि पूजन किया। इस अवसर पर सभापति केशव बंछोर , एमआईसी अनूप डे , चन्द्रभान ठाकुर , गोविंद चतुर्वेदी , सनीर साहू, ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकुंद भाऊ , महामंत्री चंद्रकांत कोरे , पार्षद जमुना ठाकुर , धर्मेंद्र भगत , मनीष यादव व एल्डरमेन उपस्थित थे।

# ब्लास्ट फर्नेस एवं एसजीपी विभाग के कर्मवीरों को मिला शिरोमणि सम्मान



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के ब्लास्ट फर्नेस एवं एसजीपी विभाग के वेलफेयर बिल्डिंग-8 (ब्लाास्ट फर्नेस) के सभागार में षिरोमणि पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर माह अगस्त 2022 के लिए युवराज सिंह नेताम, मास्टर आपरेटर एवं ईश्वर सिंह, ओसीटी को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में मुख्य महाप्रबंधक (लौह) श्री तापसदास गुप्ता एवं मुख्य महाप्रबंधक (ब्लास्ट फर्नेस) सौम्य तोकदार ने अपने-अपने सम्बोधन में सभी पुरस्कृत विजेताओं को बधाई देते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार के उत्कृष्ट कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया। समारोह में विभाग के अन्य वरिष्ट अधिकारीगण अरविंद गुप्ता, ए के जोशी, ए के गनवीर, राजेश गायकवाड़, एस बलराज एवं एन के सालवटकर भी उपस्थित रहे। वरिष्ट अधिकारीगणों ने भी अपने सम्बोधन में सभी पुरस्कार विजेताओं के द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी।

यह समारोह प्रबन्धक (कार्मिक) सुश्री अनुराधा साहा के द्वारा संचालित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मदन मोहन श्रीवास्तव, अतिरिक्त श्रम कल्याण अधिकारी, श्रीमती ममता का भी विषेष योगदान रहा।

# मैत्री गार्डन पहुँच मार्ग पर लगेगा पेवर ब्लाक टाउनशिप से बारिश का पानी निकालने बनेगा नाला

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रिसाली।** रिसाली नगर पालिक निगम रिसाली क्षेत्र में शामिल टाउनशिप से बरसाती पानी निकासी के लिए अधिकारियों ने प्लान तैयार करना शुरू कर दिया है। भिलाई इस्पात सयंत्र व नगर पालिक निगम रिसाली के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से मरोदा व रिसाली सेक्टर का सर्वे किया।

जल्द ही ढलान व पानी निकासी के लिए जगह का चयन कर निगम के अधिकारी ड्राइंग तैयार कर सयंत्र को सौपेगा। बारिश में जल भराव की स्थिति को हमेशा के लिए खत्म करने आयुक्त आशीष देवांगन ने गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू व कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा की उपस्थिति वाली बैठक में इस विषय को उठाया था। इसी परिपेक्ष्य में सयंत्र व निगम के अधिकारियों ने मरोदा व रिसाली सेक्टर का सर्वे शुक्रवार को किया। अधिकारियों ने निर्णय लिया कि बारिश के पानी को सेक्टर 5 नाला तक पहुचाने निगम के अधिकारी लेबल चेक कर ड्राइंग तैयार करे। इसके बाद बीएसपी नाला निर्माण का कार्य आरंभ करेगा। साथ ही बीएसपी ने निगम क्षेत्र में बने सार्वजनिक शौचालय व डायग्नोस्टिक सेंटर में बिजली पानी शीघ्र उपलब्ध कराने की बात कही।

### निगम लगाएगा पेवर ब्लाक

आयुक्त आशीष देवांगन ने मैत्री गार्डन चौक का सौन्दर्यी कारण करने तैयार प्लान के बारे में विस्तृत चर्चा की। बीएसपी के अधिकारियों ने प्लान को देख शीघ्र एनओसी देने स्वीकृति दी। आयुक्त ने कहा कि एनओसी मिलने के बाद जल्द ही मैत्री गार्डन मार्ग के दोनों ओर पेवर ब्लाक लगाने का काम भी शुरू किया जाएगा।

### डीपीएस चौक का भी सर्वे

लोक निर्माण विभाग दुर्ग डीपीएस चौक का सौन्दर्यीकरण करने राशि स्वीकृत की है। इसके लिए बीएसपी के अधिकारियों ने जल्द एनओसी जारी करने का आस्वासन देते कहा कि वे साथ ही साथ चौक पर लगे अवैध होर्डिंग को हटाने का कार्य शुरू करेंगे। निगम व सयंत्र के अधिकारियो ने डीपीएस चौक से कल्याणी मंदिर मार्ग को चौड़ा कर पेवर ब्लाक लगाने तैयार प्लान पर भी चर्चा की।

# भगवान शिव महापुराण कथा का अंतिम दिवस, द्वादश ज्योतिर्लिंग की कथा का वाचन होगा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** कला मंदिर गणेश उत्सव रजत जयंती के अवसर पर धर्मनगरी दुर्ग में भगवान शिव महापुराण कथा निरंतर प्रतिदिन संपन्न हो रही है। कथावाचक गुरुजी श्रीकांत शर्मा बाल व्यास कलकत्ता की अमृतवाणी का सदानंद ले रहा है।

शिव महापुराण कथा में शुक्रवार को शिवचरित्र एवं गणेश कथा का वाचन हुआ जिसमें शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। उसके पहले सुबह गणेश पंडाल में गणेश जी का हवन पूजन कार्यक्रम पंडित राजेश त्रिपाठी द्वारा संपन्न हुआ। शिव महापुराण कथा में शनिवार को द्वादश ज्योतिर्लिंग की कथा का वाचन होगा कथा का यह अंतिम दिवस है। रविवार को सुबह 8:30 बजे सामूहिक महा रुद्राभिषेक का कार्यक्रम कथा पंडाल में होगा। जिसमें जिस किसी भी सज्जन को जो भी उपहार या बेल पत्री दूध दही जल जिस किसी भी द्रव्य के द्वारा महा रुद्राभिषेक में सम्मिलित होना हो तो ले आए वह लेकर आएंगे। संजय बोहरा ने बताया कि शनिवार कथा के पश्चात गणपति का विसर्जन की शोभा यात्रा निकाली जाएगी जिसमें सभी लोगों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहने अपील की गई है। एवं महा प्रसादी महाभंडारा जिसमें अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने कला मंदिर परिवार ने निवेदन किया है।

द मोबी वर्ल्ड



● हमारे याहं सेकंड हैंड मोबाईल की खरीद व बिक्री किया जाता है और नए मोबाईल का फायनेंस किया जाता है।
● मोबाईल का रिपेयरिग और एसेसीरिज पुराने फोन एक्सचेंज करें और नए फोन में
20% छूटपाएं
शॉप नं.-14, सरकारी स्कूल के बाजू में, नेहरू भवन रोड, सुपेला, भिलाई
मो.-7415686850, 7777888471

ॐ साईं राम
माँ पुस्तक भंडार



स्टेशनरी सामान मिलने का एक मात्र स्थान
पुरानी एवं नई पुस्तकें खरीदी व बेची जाती है
रावणभाटा, सुपेला, भिलाई (छ.ग.)
मो. 7489051024, 7770845578

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65



CONTACT
Premier sales 8959493000
Arhum Electronics 9926100315
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

**खास खबर**



## राउंड नहीं ले रहे डाक्टर, बिना डिस्चार्ज दो दिन में 10 मरीज गायब

**रायपुर (ए)।** डॉ. भीमराव आंबेडकर अस्पताल मरीजों को भर्ती तो कर दिया जा रहा है। लेकिन कई डाक्टर वार्डों में राउंड लेने ही नहीं जा रहे हैं। स्थिति यह है कि समय पर इलाज ना मिलने पर बिना डिस्चार्ज के मरीज गायब हो रहे हैं। अस्पताल कर्मियों की माने तो पिछले दो दिनों में वार्डों में भर्ती 10 मरीज अस्पताल से बिना बताए गायब हो गए हैं। नेत्र रोग विभाग वार्ड-15 में आंख के आपरेशन के लिए मरीज लखन लाल मानिकपुरी भर्ती हुए। उन्हांने बताया कि पिछले दो दिनों से कोई भी डाक्टर वहां राउंड पर नहीं आए हैं। जब मरीज ने बार-बार आपरेशन के लिए वहां मौजूद स्टाफसे पूछा तो शुगर बढ़े होने की वजह से आपरेशन नहीं होने की बात कही गई। उन्हें स्टाफ ने ही सलाह दी कि आपको डिस्चार्ज कर दिया जाएगा।


इसके बाद मरीज गुरुवार से डाक्टर के आने का इंतजार कर रहे थे। थकहार कर वह वहां से बिना डिस्चार्ज हुए चले गए। मिली जानकारी के अनुसार डाक्टरों के समय पर राउंड ना लेने की वजह से मरीजों का इलाज ही प्रभावित हो रहा है। वहीं मानिटरिंग ना होने से मरीज अस्पताल में बिना बताए ही गायब हो जा रहे हैं। इसकी जानकारी न डाक्टर को है न विभागाध्यक्ष को। प्रबंधन से शिकायत भी की गई, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई है।

## छत्तीसगढ़ में अब तक 1066.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**रायपुर।** राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2022 से अब तक राज्य में 1066.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून से 10 सितम्बर तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 2067.1 मिमी और सरगुजा में जिले में सबसे कम 493.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सूरजपुर में 804.2 मिमी, बलरामपुर में 781.7 मिमी, जशपुर में 801.7 मिमी, कोरिया में 728.3 मिमी, रायपुर में 792.3 मिमी, बलौदाबाजार में 1017.0 मिमी, गरियाबंद में 1102.3 मिमी, महासमुंद में 1043.2 मिमी, धमतरी में 1170.4 मिमी, बिलासपुर में 1223.4 मिमी, मुंगेली में 1132.0 मिमी, रायगढ़ में 984.2 मिमी, जांजगीर-चांपा में 1172.5 मिमी, कोरबा में 957.4 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 912.5 मिमी, दुर्ग में 893.9 मिमी, कबीरधाम में 965.6 मिमी, राजनांदगांव में 1032.1 मिमी, बालोद में 1144.8 मिमी, बेमेतरा में 633.1 मिमी, बस्तर में 1522.8 मिमी, कोण्डागांव में 1142.0 मिमी, कांकेर में 1365.5 मिमी, नारायणपुर में 1207.9 मिमी, दंतेवाड़ा में 1552.6 मिमी और सुकमा में 1226.1 मिमी औसत वर्षा रिकार्ड की गई।

प्रदेश के नागरिकों को मिली बड़ी राहत

# अब आसानी से अनधिकृत निर्माण कार्यों को करा सकेंगे नियमित, सीएम के निर्देश पर नियमों को किया गया शिथिल



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश में अनियमित निर्माण कार्यों को नियमित कराने के लिए नियमों में पारदर्शिता लाने और सरलीकरण करने के निर्देश दिए है। इसी तारतम्य में छत्तीसगढ़ अनधिकृत विकास का नियमितिकरण अधिनियम में संशोधन किया गया है। संशोधित अधिनियम, 2022 छत्तीसगढ़ के राजपत्र में 14 जुलाई 2022 को प्रकाशित होने के साथ ही यह पूरे प्रदेश में प्रभावशाली हो गया है। इसके नियमों का भी प्रकाशन 02 अगस्त 2022 को हो गया है। नियम प्रकाशित होने के बाद अब नये नियमों के तहत आवेदन लिए जा रहे है। इस नए नियम से प्रदेश के नागरिकों को राहत मिलेगी और वे आसानी से निर्माण कार्यों को नियमित करा सकेंगे।

### नए नियम में पार्किंग के लिए कड़े प्रावधान

गौरतलब है कि शहरों की बढ़ती आबादी, वाहनों की बढ़ती संख्या और यातायात की बढ़ती समस्याओं को देखते हुए राज्य शासन ने शहरी क्षेत्रों में पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए छत्तीसगढ़ अनाधिकृत विकास का नियमितिकरण अधिनियम 2002 में संशोधन करते हुए अब कड़े प्रावधान किए हैं। इन प्रावधानों का उद्देश्य पार्किंग के लिए निर्धारित स्थलों पर अन्य निर्माण को हतोत्साहित करना तथा पार्किंग व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाए रखना है। अधिनियम में यह संशोधन छत्तीसगढ़ अनाधिकृत विकास का नियमितिकरण (संशोधन) विधेयक 2022 के अनुसार किए गए हैं। इस संशोधन के जरिये अपीलार्थियों को राहत भी दी गई है। उन्हें अपील लंबित रहने की अवधि में अब अधिकतम एक वर्ष का ही भाड़ा देना होगा, जबकि पूर्व में उन्हें नियमित भाड़ा देना होता था। अधिनियम में यह प्रावधान किया गया है कि यदि अधिकृत विकास निर्धारित पार्किंग हेतु आरक्षित भू-खण्ड/स्थल पर किया गया है, तो नियमितिकरण की अनुमति तभी दी जाएगी जब आवेदन द्वारा पार्किंग की कमी हेतु निर्धारित अतिरिक्त शास्ति राशि का भुगतान कर दिया गया हो।

### आमजन को इस संशोधन का अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने कलेक्टर करेंगे नियमित समीक्षा

इस अधिनियम में किए गए नए संशोधन के अनुसार निवेश क्षेत्र के अंतर्गत आए हुए आवेदनों के निराकरण के लिए जिम्मेदारी तय कर दी गई है। ऐसे ग्राम/विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण, जो नगरीय निकाय सीमा के बाहर आता है। वहां आवेदन नगर या ग्राम निवेश विभाग के क्षेत्रीय कार्यालयों में लिए जाएंगे। सत्यापन परीक्षण के पश्चात इन आवेदनों को नियमितिकरण के लिए जिम्मेदार अधिकारी को प्रस्तुत करने की जिम्मेदारी सदस्य सचिव की होगी। इसी तरह नगर-निगम, नगर पालिका और नगर पंचायत जो निवेश क्षेत्र के अंतर्गत आते है। इन जगहों पर स्थानीय निकायों द्वारा आवेदन लिए जाएंगे और जिला नियमितिकरण प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। अधिनियम में संशोधन के बेहतर क्रियान्वयन और आमजन को इस संशोधन का अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने के लिए कलेक्टर, नगरीय निकाय अधिकारी, नगर एवं ग्राम निवेश अधिकारियों द्वारा नियमित समीक्षा की जाएगी।

नगर निगम सीमा के भीतर नगर निगम तथा नगर पालिकाओं में तथा निगम, पालिका के सीमा के बाहर तथा निवेश क्षेत्र के अंदर नगर निवेश विभाग के कार्यालय में आवेदन जमा होंगे। आवेदक को आवेदन के साथ मकान के कागजात, मकान के फोटोग्रॉफ्स आर्किटेक्ट द्वारा बनाए गए मकान का नक्शा और सम्पत्ति कर या बिजली बिल की रशीद की कॉपी संलग्न करनी होगी।

जारी अधिसूचना के अनुसार विधेयक में छत्तीसगढ़ अनधिकृत विकास का नियमितिकरण अधिनियम 2002 के मूल अधिनियम की धारा 04 की उपधारा (2) के खण्ड (पांच) को प्रतिस्थापित करके नगर तथा ग्राम निवेश विभाग का जिले का प्रभारी अधिकारी/ संयुक्त संचालक/ उपसंचालक/ सहायक संचालक किया गया है। अधिनियम के खण्ड(चार) (क) में निर्धारित प्रयोजन से भिन्न भूमि के उपयोग परिवर्तन करने पर उस क्षेत्र की भूमि के लिए वर्तमान में प्रचलित कलेक्टर गाईड लाईन दर का 5 प्रतिशत अतिरिक्त शास्ति लगाने का प्रावधान किया गया है।

अधिनियम में कहा गया है कि 01 जनवरी 2011 के पूर्व अस्तित्व में आये ऐसे अनाधिकृत विकास/निर्माण, जिनकी भवन अनुज्ञा/विकास अनुज्ञा स्वीकृति हो, अथवा ऐसे अनाधिकृत भवन, जिसके लिए संबंधित स्थानीय निकाय में शासन द्वारा निर्धारित दर से संपत्ति कर का भुगतान किया जा रहा हो, ऐसे भवनों में, यदि छत्तीसगढ़ भूमि विकास नियम, 1984 अथवा संबंधित नगर के विकास योजना के अनुरूप पार्किंग उपलब्ध नहीं है, तो पार्किंग हेतु निम्नानुसार अतिरिक्त शास्ति राशि दिये जाने पर, भवन का नियमितिकरण इस प्रकार किया जा सकेगा कि पार्किंग में 25 प्रतिशत कमी होने पर प्रत्येक कार स्थान हेतु पचास हजार रूपये, 25 प्रतिशत से अधिक एवं 50 प्रतिशत तक प्रत्येक कार स्थान हेतु एक लाख रूपये, 50 प्रतिशत से अधिक एवं 100 प्रतिशत तक प्रत्येक कार स्थान हेतु दो लाख रूपये का प्रावधान किया गया है। नए प्रावधानों के अनुसार 01 जनवरी 2011 अथवा उसके पश्चात् अस्तित्व में आये ऐसे अनधिकृत विकास/निर्माण, जिनकी भवन अनुज्ञा/ विकास अनुज्ञा स्वीकृति हो, अथवा ऐसे अनधिकृत भवन, जिनके लिए संबंधित स्थानीय निकाय में शासन द्वारा निर्धारित दर से संपत्ति कर का भुगतान किया जा रहा हो, ऐसे भवनों में, यदि छत्तीसगढ़ भूमि विकास नियम, 1984 अथवा संबंधित नगर के विकास योजना के अनुरूप पार्किंग उपलब्ध नहीं है, तो पार्किंग हेतु अतिरिक्त शास्ति राशि दिये जाने पर, भवन का नियमितिकरण इस प्रकार किया जा सकेगा कि पार्किंग में 25 प्रतिशत तक कमी होने पर प्रत्येक कार स्थान हेतु पचास हजार रूपये, 25 प्रतिशत से अधिक एवं 50 प्रतिशत तक प्रत्येक कार स्थान हेतु एक लाख रूपये का प्रावधान किया गया है। खण्ड (चार) में कहा गया है कि शमन योग्य पार्किंग की गणना इस प्रकार की जायेगी कि 500 वर्ग मीटर तक आवासीय क्षेत्र में पार्किंग हेतु उपलब्ध न्यूनतम क्षेत्रफल प्रति कार स्थान (ईसीएस) के आधार पर निरंक होगी जबकि 500 से अधिक क्षेत्र होने पर पार्किंग हेतु उपलब्ध न्यूनतम क्षेत्रफल प्रति कार स्थान (ईसीएस) के आधार पर 50 प्रतिशत होगी। गैर आवासीय क्षेत्र में पार्किंग हेतु उपलब्ध न्यूनतम क्षेत्रफल प्रति कार स्थान (ईसीएस) के आधार पर निरंक होगी जबकि 500 से अधिक क्षेत्र होने पर पार्किंग हेतु उपलब्ध न्यूनतम क्षेत्रफल प्रति कार स्थान (ईसीएस) के आधार पर 50 प्रतिशत होगी।

प्रावधान में कहा गया है कि (ग) ऐसी गैर लाभ अर्जन करने वाली सामाजिक संस्थायें, जो लाभ अर्जन के उद्देश्य से स्थापित न की गई हो, के अनधिकृत विकास के प्रत्येक प्रकरण में शास्ति प्राक्कलित राशि के 50 (पचास) प्रतिशत की दर से देय होगा। छत्तीसगढ़ भूमि विकास नियम, 1984 के नियम 39 में निर्धारित प्रावधान के अनुसार, मार्ग की चौड़ाई उपलब्ध नहीं होने के कारण, स्थल पर विद्यमान गतिविधियों में किसी प्रकार का लोकहित प्रभावित न होने की स्थिति में, नियमितीकरण किया जा सकेगा।

# आज रात नौ बजे से शारदा चौक से निकलेंगी गणेश झांकियां जाम से बचने के लिए इन मार्गों का करें इस्तेमाल

**रायपुर (ए)।** विसर्जन के लिए गणेश झांकियां रविवार रात नौ बजे से शारदा चौक से निकलना शुरू हो जाएंगी। आठ बजे से शारदा चौक पर विभिन्न गणेश समितियों को नगर निगम की टीम नंबर आवंटित करेगी। झांकी शारदा चौक से रवाना होकर जयस्तंभ चौक, मालवीय रोड, सिटी कोतवाली चौक, सदर बाजार मार्ग, कंकाली पारा चौक से पुरानी बस्ती थाने के सामने से होते लाखेनगर चौक, सुंदरनगर, रायपुरा अंडरब्रिज से होकर महादेव घाट जाएगी।

इस दौरान आजाद चौक, शास्त्री चौक तथा तेलघानी नाका चौक, कोतवाली चौक से परिवर्तित मार्ग से यात्रा करनी होगी। साथ ही आइटीएमएस के माध्यम से सीसीटीवी से निरंतर निगरानी भी की जाएगी।



झांकी के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था होने पर यातायात पुलिस के हेल्पलाइन नंबर 9479191234 कंट्रोल रूम 9479191099 या 112 पर संपर्क किया जा सकता है।

### जाम से बचने के लिए इन मार्गों का करें इस्तेमाल

दुर्ग भिलाई की ओर से आवागमन करने वाले वाहन चालक- टाटीबंध से आश्रम तिराहा होकर चौबे कालोनी से तेलघानी नाका, रेलवे स्टेशन चौक से फाफाडीह चौक होकर शास्त्री चौक, अथवा रिंग रोड क्र-1 से पचपेड़ी नाका या तेलीबांधा चौक से शहर के भीतर आवागमन कर सकते हैं।

बिलासपुर की ओर से आवागमन करने वाले वाहन चालक- फाफाडीह चौक से शास्त्री चौक या फाफाडीह चौक से रेलवे स्टेशन चौक से तेलघानी नाका चौक होकर आश्रम तिराहा से टाटीबंध चौक होकर आवागमन कर सकते हैं।

महासमुंद की ओर से आवागमन करने वाले वाहन चालक- तेलीबांधा चौक से शास्त्री चौक होकर शहर के भीतर आवागमन कर सकते हैं।

धमतरी की ओर से आवागमन करने वाले वाहन चालक- पचपेड़ी नाका चौक से कालीबाड़ी चौक होकर शहर के भीतर आवागमन कर सकते हैं।

राज्य के 14 जिला अस्पतालों में निःशुल्क डायलिसिस सुविधा

# इन अस्पतालों में अब तक 41 हजार से अधिक डायलिसिस सेशन किए जा चुके

### दूरस्थ अंचलों के किडनी रोगियों को मिल रही डायलिसिस सुविधा

### गरीब किडनी रोगी भी अब अपने ही क्षेत्र में निःशुल्क करवा रहे हैं डायलिसिस

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** प्रदेश में चिकित्सा सुविधा को सर्व सुलभ बनाने की दिशा में लगातार काम किया जा रहा है। राज्य के बीपीएल राशन कार्ड धारकों को पांच लाख रूपए तक का कैशलेस इलाज मुहैया कराने के लिए डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना पहले ही शुरू की जा चुकी है। अब किडनी के मरीजों को नि:शुल्क डायलिसिस की सुविधा भी प्रदान की जा रही है।



### निजी अस्पताल में एक बार डायलिसिस का खर्च न्यूनतम 1200 रूपए, राज्य सरकार कर रही निःशुल्क

किडनी रोगों से ग्रस्त मरीजों को लंबे समय तक बार-बार डायलिसिस कराना पड़ता है। इससे उन पर बड़ा आर्थिक बोझ पड़ता है। निजी अस्पतालों में एक बार डायलिसिस कराने का न्यूनतम 1200 रूपए लगता है, जबकि राज्य शासन द्वारा नि:शुल्क यह सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। विभिन्न जिलों के शासकीय अस्पतालों में नि:शुल्क डायलिसिस की सुविधा से दूरस्थ क्षेत्र के लोगों को डायलिसिस के लिए दूर जाना नहीं पड़ रहा है। इससे उनके पैसों और समय दोनों की बचत हो रही है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, छत्तीसगढ़ के संयुक्त संचालक व राज्य नोडल अधिकारी डॉ. सुरेन्द्र पामभोई ने बताया कि वर्तमान में राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम के तहत राज्य के 14 जिला अस्पतालों में 'जीवन धारा' नाम से नि:शुल्क डायलिसिस की सुविधा प्रदान की जा रही है। प्रदेश में उच्चतम गुणवत्ता के साथ डायलिसिस की सुविधा प्रदान की जा रही है। राज्य के 20 जिलों के विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं चिकित्सा अधिकारियों को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) रायपुर में डायलिसिस के लिए तीन दिवसीय विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया है।

राज्य के 14 जिला अस्पतालों में अब तक कुल 41 हजार 115 डायलिसिस सेशन किए जा चुके हैं। इनमें से दुर्ग जिले में 6947, कांकेर में 6443, बिलासपुर में 5634, महासमुंद में 4302, कोरबा में 8075, सरगुजा में 4598, जशपुर में 1958, बीजापुर में 1201, रायपुर में 433, जांजगीर-चांपा में 894, जगदलपुर में 356, मुंगेली में 24, बलौदाबाजार में 9 और गरियाबंद में 241 सेशन किए जा चुके हैं।

# राजधानी में भागवत के नेतृत्व में संघ ने शुरू किया मंथन

**रायपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय समन्वय बैठक-2022 शनिवार को राजधानी के जैनम मानस भवन, में प्रारंभ हुई। बैठक का शुभारंभ सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत और सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने भारत माता के चित्र पर पुष्पार्चन करके किया। सरसंघचालक ने शीर्ष स्तर के केंद्रीय पदाधिकारियों के साथ जीवन के विविध क्षेत्रों में काम कर रहे संगठनों के प्रतिनिधियों से उनके कार्यों को और अधिक विस्तार देने पर चर्चा की। संघ की भावी योजनाओं और चुनौतियों पर मंथन करने के साथ ही शाखाओं की संख्या बढ़ाने समेत अन्य वैचारिक मुद्दों पर गहन विचार-विमर्श हुआ।



सूत्रों ने बताया कि बैठक में राष्ट्रीय व सामाजिक परिदृश्य के साथ-साथ गोसेवा, ग्राम विकास, पर्यावरण, कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता आदि विषयों को आगे बढ़ाने पर भी चर्चा हो रही है। इसमें राष्ट्रीय शिक्षा, सेवा, आर्थिक व राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक में 36 संगठनों के अखिल भारतीय पदाधिकारी भाग ले रहे हैं। अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम के कामों को विस्तार देने पर विचार-विमर्श हुआ। बैठक में सेवा भारती के कार्य विस्तार, स्वदेशी जागरण मंच के स्वावलंबी भारत कार्यक्रम को व्यापक अभियान के रूप में चलाने पर चर्चा हुई।

### आज और कल भी चलेगी चर्चा

पूर्व प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार संघ की यह बैठक रविवार और सोमवार को भी चलेगी। इसके बाद संघ का आगामी एजेंडा तय होगा।

### चुनावी राज्यों में बैठक होने के प्रश्न पर यह दिया उत्तर

संघ की बैठकें चुनावी राज्यों में ही होने के प्रश्न को निराधार बताते हुए आंबेकर ने कहा कि संघ की बैठकें बहुत पहले से ही तय होती है। इसकी योजना पहले से ही चलती रहती है। यह चक्र स्वाभाविक रूप से चलता है। छत्तीसगढ़ से लेकर पूरे देश में संघ के विस्तार पर ध्यान लगा हुआ है। समाज को कैसे जोड़ें, इस पर काम हो रहा है।


नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243


















# साउथ के सिंघम सूर्या की पत्नी ज्योतिका भी जीत चुकी हैं नेशनल अवार्ड, फिल्मी है लव स्टोरी



फैंस के बीच सिंघम नाम से मशहूर सूर्या शिवकुमार और उनकी पत्नी दोनों ही दक्षिण भारतीय सिनेमा का जाना-माना नाम है। जहां अभिनय की दुनिया में अभिनेता सूर्या के सितारे बुलंदी पर हैं तो वहीं उनकी पत्नी ज्योतिका भी कुछ कम नहीं हैं। दोनों ही नेशनल फिल्म अवार्ड विजेता रह चुके हैं। एक्ट्रेस कन्नड़, मलयालम, तेलुगु और हिंदी फिल्मों में भी काम कर चुकी हैं। साउथ फिल्म इंडस्ट्री के पावर कपल्स में से एक ज्योतिका और सूर्या 11 सितंबर को अपनी शादी की सालगिरह मनाते हैं। दोनों ने शादी से पहले फिल्मों साथ काम किया था और इनकी लव स्टोरी भी काफी फिल्मी रही तो चलिए इनकी वेडिंग एनिवर्सरी पर जानते हैं कैसे ये ऑनस्क्रीन जोड़ी शादी की मंजिल तक पहुंची।

### फिल्म के सेट पर हुई पहली मुलाकात

साउथ सिनेमा में अभिनेता सूर्या का सिक्का तो चलता ही है वहीं बॉलीवुड से अपनी शुरुआत करने वाली ज्योतिका ने भी साउथ इंडस्ट्री में अपने अभिनय से अलग मुकाम हासिल किया, और हाईएस्ट पेड एक्ट्रेस में से एक रही हैं। सूर्या और ज्योतिका ने 1999 में आई फिल्म 'पूवेल्लम केत्तुप्पर' में सबसे पहले साथ स्क्रीन शेयर किया था। इसी फिल्म क दौरान दोनों पहली बार एक दूसरे से मिले थे।


ज्योतिका ने हिंदी फिल्म इंडस्ट्री से साउथ की ओर रुख किया था, इसलिए शुरुआत में उन्हें तमिल भाषा में दिक्कत होती थी, लेकिन इसके लिए वह जमकर मेहनत करती थीं ताकि वह अच्छे से अपनी सीन को कर पाएं। दोनों ही उस समय सिनेमा जगत में अपने पांव जमा रहे थे। ज्योतिका का काम के प्रति समर्पण देखकर सूर्या उनसे काफी इंप्रेस हुए थे।

इस फिल्म के बाद ज्योतिका और सूर्या अपने-अपने काम में व्यस्त हो गए लेकिन इसके बाद एक फिल्म की शूटिंग के दौरान फिर से दोनों की मुलाकात हुई। ज्योतिका ने अपने असिस्टेंट से सूर्या को बुलाने के लिए कहा, इस तरह से दोनों के बीच बातचीत और मुलाकात का सिलसिला शुरू हुआ और जल्दी ही वह अच्छे दोस्त बन गए। जिसके बाद पार्टियों, इवेंट आदि में भी दोनों एक दूसरे से मिलते रहते। सूर्य की फिल्म नंदा के प्रीमियर पर भी ज्योतिका ने शिरकत की थी और उन्हें सूर्या की एक्टिंग बहुत पसंद आई।

अभिनेता सूर्या और ज्योतिका ने साथ में कई फिल्मों में काम किया फिल्म काखा काखा के लिए एक्ट्रेस ने निर्देशक को सूर्या का नाम सुझाया इस फिल्म की शूटिंग के दौरान कपल की लव स्टोरी शुरू हुई और आखिरकार ज्योतिका ने 11 सितंबर, 2006 में एक्टर सूर्या से शादी कर ली। दोनों की धूमधाम से शादी हुई थी। जिसमें जयललिता भी शामिल हुई थीं।

# सिर्फ 250 रूपये थी रणबीर कपूर की पहली कमाई, आज हैं करोड़ो की संपत्ति के मालिक

अभिनेता रणबीर कपूर अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'ब्रह्मास्त्र' को लेकर चर्चा में हैं। रणबीर कपूर ने करीब चाल साल के लंबे ब्रेक के बाद इस साल फिल्म 'शमशेरा' से कमबैक किया। हालांकि, यह फिल्म चली नहीं। इसके बाद रणबीर की नजरें फिल्म 'ब्रह्मास्त्र' पर थीं जो आखिर रिलीज हो गई है। 'शमशेरा' के मुकाबले इसे अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। रणबीर कपूर ने अपने करीब 15 वर्ष के फिल्मी करियर में 25 से ज्यादा फिल्मों में काम किया है। फिल्मों से अलग वह अपने स्टाइल और लुक को लेकर भी काफी चर्चा में रहते हैं। बता दें कि रणबीर कपूर काफी आलीशान जिंदगी जीते हैं।



### इस फिल्म में किया था काम

रणबीर कपूर इंडस्ट्री के डिमांडिंग स्टार्स की लिस्ट में शुमार हैं। यही वजह है कि वह फिल्मों के लिए तगड़ी फीस वसूलते हैं। इसके अलावा वह बॉलीवुड के रसूखदार कपूर खानदान से ताल्लुक रखते हैं, जो नाम और रईसी दोनों में आगे है। रणबीर कपूर आज भले ही एक फिल्म के लिए अच्छी-खासी फीस लेते हैं, मगर एक वक्त ऐसा था, जब उन्हें पहली कमाई के रूप में सिर्फ 250 रूपये मिले थे। एक बातचीत में खुद रणबीर ने इसका खुलासा किया था। रणबीर के मुताबिक, 'वर्ष 1996 में आई फिल्म 'प्रेम ग्रंथ' से उन्हें 250 रुपये मिले थे। इस फिल्म के साथ ही रणबीर ने एडी यानी असिसटेंट डायरेक्टर के रूप में अपने करियर की शुरुआत की थी। इस फिल्म में उनके पापा ऋषि कपूर और एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित थी।

### मां से लेते हैं पॉकेटमनी

रणबीर कपूर की पहली कमाई देखकर नीतू कपूर काफी भावुक हो गईं थीं। दरअसल, रणबीर कपूर ने काफी फिल्मी स्टाइल में अपनी पहली फीस मां के हाथों में दी थी। रणबीर को जब पहली कमाई के रूप में 250 रुपये मिले थे तो इसे उन्होंने अपनी मां नीतू के पैरों के पास रख दिया था। रणबीर ने एक इंटरव्यू बताया था कि यह देखकर उनकी मां अपने आंसू नहीं रोक सकीं। रणबीर के लिए वह पल किसी फिल्मी सीन से कम नहीं था। रिपोर्ट्स की मानें तो रणबीर कपूर आज भी अपनी मां से हर हफ्ते 1500 रुपये की पॉकेट मनी लेते है।

### इतनी है रणबीर की फीस

हालांकि, आज रणबीर कपूर ने खुद इंडस्ट्री में अच्छा-खासा नाम कमा लिया है। वह काफी लग्जरी लाइफ जीते हैं। रणबीर कपूर के पास मुंबई के बांद्रा में एक आलीशान घर है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो इस घर को रणबीर ने वर्ष 2016 में 35 करोड़ रुपये में खरीदा था। रणबीर के दिवंगत पिता ऋषि कपूर अपने पीछे एक बड़ी विरासत छोड़ गए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो ऋषि कपूर के गुजरने के समय उनकी कुल संपत्ति 256 करोड़ रुपये थी। इसमें उनकी महंगी हवेली कृष्णा राज, लग्जरी कार कलेक्शन और अन्य संपत्तियां भी शामिल हैं। रणबीर कपूर संपत्ति के मामले में काफी अमीर हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो उनकी कुल नेट वर्थ 45 मिलियन डॉलर है यानी रणबीर कपूर 359 करोड़ रुपये के मालिक हैं। इसके साथ रणबीर कपूर वर्तमान में इंडस्ट्री के दिग्गज और सबसे ज्यादा कमाई करने वाले अभिनेताओं में भी शामिल है। रणबीर की कमाई का मुख्य जरिया फिल्में, ब्रांड प्रमोशन, एंडोर्समेंट आदि है। रिपोर्ट्स की मानें तो रणबीर कपूर एक फिल्म के लिए 18 से 20 करोड़ रुपये चार्ज करते हैं। वहीं ब्रांड एंडोर्समेंट से रणबीर कपूर 5 करोड़ रुपये की कमाई कर लेते हैं।

### कार और जूतों के हैं शौकीन

रणबीर कपूर के पास कारों का अच्छा-खासा कलेक्शन है। वर्ष 2017 में रणबीर कपूर की गाड़ियों के कलेक्शन में रेंज रोवर की एसयूवी को शामिल किया था, जिसकी कीमत 2.26 करोड़ रुपये थी। उनके पास मर्सिडीज-बेंज जी63 एएमजी भी है, जिसकी कीमत 2.14 करोड़ रुपये है। एक्टर की लग्जरी कारों के काफिले में ऑडी आर8 भी शामिल है, जो 2.72 करोड़ की है। कुल मिलाकर रणबीर ने अपनी कारों पर 7 करोड़ रुपये से भी ज्यादा खर्च किया है। रणबीर के पास लग्जरी के नाम पर यूं तो कई महंगी और बेहतरीन चीजें है। मगर इन सब के बीच स्नीकर्स जूतें एक ऐसी चीज है, जिसके लिए रणबीर काफी दीवाने हैं। 2018 में रणबीर ने एक इंटरव्यू में बताया था कि वह जब भी स्नीकर्स खरीदते है तो हमेशा एक तरह के दो जोड़ी स्नीकर्स लेते है। ऐसा वो इसलिए करते है ताकि एक जोड़ी को पहन के रॉक कर सके और दूसरे को घर के कलेक्शन में स्टॉक कर सके।



# नहीं रहे प्रभास के चाचा और एक्टर यूवी कृष्णम राजू: 83 साल की उम्र में हुआ निधन कल होगा अंतिम संस्कार

साउथ सुपरस्टार प्रभास के चाचा और एक्टर यू.वी. कृष्णम राजू का 83 साल की उम्र में निधन हो गया है। वो काफी लंबे समय से बीमार चल रहे थे। शनिवार (10 सितंबर) को उनकी तबियत बिगड़ी, जिसके बाद उन्हें हॉस्पिटल ले जाया गया और फिर रविवार सुबह उन्होंने 3:25 पर आखिरी सांस ली।

### कल होगा कृष्णम राजू का अंतिम संस्कार

कृष्णम राजू के पार्थिव शरीर को आज दोपहर 12 बजे के बाद उनके घर पर लाया जाएगा। वहीं उनके फैमिली मेंबर्स का कहना है कि उनका अंतिम संस्कार सोमवार दोपहर को होगा।

### साउथ के सेलेब्स दे रहे हैं कृष्णम राजू को श्रद्धांजलि

सोशल मीडिया पर फैंस से लेकर साउथ फिल्म इंडस्ट्री के लोग तक कृष्णम राजू को श्रद्धांजलि दे रहे हैं। साथ ही इस दुख की घड़ी में प्रभास और उनके फैमिली के साथ खड़े हैं। आपको बता दें कृष्णम राजू अपने पीछे पत्नी और तीन बेटियां छोड़कर चले गए हैं।

### आखिरी बार 'राधे श्याम' में आए थे नजर

कृष्णम राजू का जन्म 20 जनवरी 1940 को आंध्र प्रदेश के वेस्ट गोदावरी डिस्ट्रिक्ट के मोगाल्तुरु में हुआ था। अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद, उन्होंने कुछ समय तक पत्रकार के रूप में काम किया। फिर बाद में उन्होंने 1966 में फिल्म 'चिलाका गोरनिका' से एक्टिंग में डेब्यू किया था। इस फिल्म को नंदी अवॉर्ड भी मिला था। कृष्णम राजू ने लगभग 50 साल के करियर में लगभग 183 फिल्मों में काम किया था। वो आखिरी बार अपने भतीजे प्रभास की फिल्म 'राधे श्याम' में नजर आए थे।

### एक्टर के साथ-साथ पॉलिटिशियन भी थे

कृष्णम राजू एक्टर के अलावा पॉलिटिशियन भी थे। उन्होंने साल 1992 में कांग्रेस के टिकट से नरसापुर सीट से चुनाव लड़ा था, लेकिन वो ये चुनाव हार गए थे। कुछ साल बाद वो बीजेपी में शामिल हो गए थे। फिर पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में वो राज्य मंत्री रहे थे।

# मार्वल और लुकास फिल्म की कहानियों का नया पिटारा 22 नए किस्सों की हैरान कर देने वाली कहानियां

अमेरिका में कैलिफोर्निया स्थित शहर अनाहाइम में चल रहे डिज्नी प्रशंसकों के सबसे बड़े फैन इवेंट डी23 एक्सपो 2022 का दूसरा दिन मार्वल स्टूडियोज, लुकास फिल्म और ट्वेटिंथ संेचुरी स्टूडियोज के नाम रहा। इस दौरान जेम्स कैमरून की दिसंबर में रिलीज हो रही फिल्म 'अवतार: द वे ऑफ द वाटर' की एक्सक्लूसिव थ्रीडी फुटेज दिखाने के साथ फिल्म का एक नया पोस्टर रिलीज किया गया। दूसरे दिन सबसे ज्यादा तालियों की गड़गड़ागट उस समय सुनाई थी जब मार्वल स्टूडियोज के प्रेसीडेंट केविन फाइगी ने स्टूडियो की तरफ से एक के बाद एक धमाके किए। केविन ने इस दौरान 'आयरनमैन' सरीखे नए सुपरहीरो 'आयरनहार्ट' की सीरीज के अगले साल रिलीज होने का एलान किया। वेब सीरीज 'हॉकआई' में दिखे किरदार इको को मार्वल का पहला मूकबधिर सुपरहीरो बनाने की घोषणा की और साथ ही पहली बार उन्होंने वेब सीरीज 'डेयरडेविल: बॉर्न अगेन' की पहली झलक दर्शकों को दिखाई। इस दौरान हॉल में मौजूद हजारों डिज्नी फैन्स के लिए खास सरप्राइज लुकास फिल्म ने पेश किया, अपनी अगले साल रिलीज होने जा रही फिल्म 'इंडियाना जोन्स' का एक्सक्लूसिव ट्रेलर दिखाकर।




### लुकास फिल्म से शुरुआत

डी23 एक्सपो 2022 के दूसरे दिन डिज्नी कंपनी का हिस्सा बन चुकी तीन बड़ी कंपनियों लुकास फिल्म, मार्वल स्टूडियो और ट्वेंटिएथ सेंचुरी स्टूडियोज ने अपनी निर्माणाधीन वेब सीरीज और फिल्मों का एलान किया। दिन की शुरुआत हुई लुकास फिल्म की चेयरमैन कैथलीन केनेडी के मंच पर आने से। कैथलीन ने कंपनी की नई वेब सीरीज 'एंडोर' के पहले 12 एपिसोड की शूटिंग पूरी होने की जानकारी देने के साथ ही बताया कि सीरीज के बाकी 12 एपिसोड की शूटिंग भी शुरू हो चुकी है। ठीक 11 दिन बाद रिलीज होने जा रही इस सीरीज के खास पोस्टर भी इस दौरान उन्होंने रिलीज किए। इसके अलावा इस साल 30 नवंबर को रिलीज होने जा रही वेब सीरीज 'विलो' की झलकियां भी उन्होंने दर्शकों को दिखाईं।

### स्टार वार्स की पांच नई सीरीज

लुकास फिल्म्स की चेयरमैन कैथलीन केनेडी ने इसके बाद एक के बाद एक पांच और बड़े धमाके डी 23 एक्सपो 2022 के दूसरे दिन के पहले सत्र में किए। कैथलीन ने 'स्टार वार्स' फ्रेंचाइजी की पांच नई सीरीज का इस दौरान ऐलान किया। 'स्टार वार्स: बैड बैच' का दूसरा सीजन अगले साल 4 जनवरी से प्रसारित होना शुरू होगा। इसके पहले छह शार्ट्स की 'स्टार वार्स: टेल्स ऑफ जेडाई' नामक एक सीरीज इसी साल 26 अक्तूबर से प्रसारित होनी होगी। मंच पर आए चर्चित निर्देशक जॉन फेवरू ने इसी बीच 'स्टार वार्स: अहसोका' और 'स्टार वार्स: स्केलेटन क्रू' की शूटिंग शुरू होने की जानकारी दर्शकों को दी। इसके बाद बारी आई 'स्टार वार्स: द मैंडोलोरियन' के सीजन 3 की। बताया गया कि इस सुपरहिट सीरीज का तीसरा सीजन अगले साल प्रसारित करने के लिए लुकास फिल्म ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

### इंडियाना जोन्स 5 का ट्रेलर

लुकास फिल्म की तरफसे दिन का सबसे बड़ा एलान हैरिसन फोर्ड की कल्ट क्लासिक फिल्म 'इंडियाना जोन्स' फ्रेंचाइजी की पांचवी फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा के रूप में आया। साल 1981 में फिल्म 'इंडियाना जोन्स: रेडर्स ऑफ द लास्ट आर्क' से शुरू हुई इस फ्रेंचाइजी में अब तक 'इंडियाना जोन्स: टेंपल ऑफ डूम' (1984), 'इंडियाना जोन्स: द लास्ट क्रूसेड' (1989) और 'इंडियाना जोन्स: द किंगडम ऑफद क्रिस्टल स्कल' (2008) नामक फिल्में रिलीज हो चुकी हैं। शनिवार को इस सीरीज की पांचवी फिल्म का ट्रेलर भी डी23 एक्सपो 2022 में दिखाया गया। ये फिल्म अगले साल 30 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### मार्वल स्टूडियोज के धमाकेदार एलान

इसके बाद बारी आई मार्वल स्टूडियोज की। स्टूडियो के प्रेसिडेंट केविन फाइगी ने मंच पर आने के साथ ही डिज्नी की संगीतमयी फिल्मों से ईर्ष्या की बात कही तो एकाएक मंच पर मार्वल के मशहूर किरदारों का एक अनोखा म्यूजिकल शो शुरू हो गया। 'रोजर्स: द म्यूजिकल' नामक इस पेशकश के बाद फाइगी ने फिल्म 'ब्लैक पैंथर: वकांडा फॉरएवर' के कलाकारों से दर्शकों का परिचय कराया और इसी साल 11 नवंबर को रिलीज होने जा रही इस फिल्म के कुछ एक्सक्लूसिव झलकियां भी दर्शकों को दिखाईं। इसी फिल्म के एक किरदार को लेकर मार्वल स्टूडियोज आयरनमैन की प्रयोगशाला एमआईटी भी पहुंच चुका है और फाइगी ने एलान किया कि 'आयरनहार्ट' नामक ये सीरीज अगले साल प्रसारित होगी। इसके अलावा 17 फरवरी को रिलीज होने जा रही मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स के पांचवें फेज की कहानी 'एंटमैन एंड द वैस्प क्वांटमैनिया' की झलक भी इस दौरान पेश की गई।

### पहली मूक बधिर सुपरहीरो और डेयरडेविल

मार्वल स्टूडियोज इस साल हैलोवीन डे के मौके पर अपनी एक खास हॉरर सीरीज भी लेकर आ रहा है। 7 अक्तूबर को रिलीज होने जा रही सीरीज 'वेयरवुल्फबाई नाइट' की इन झलकियों के बाद मंच पर आगमन हुआ अभिनेता डॉन चीडल का, जिनके साथ मार्वल स्टूडियो दो नई वेब सीरीज 'सीक्रेट इनवेजन' और 'आर्मर वार्स' बनाना शुरू कर चुका है। डी 23 एक्सपो 2022 के इस सत्र के दौरान 'लोकी' के दूसरे सीजन की झलकियां दिखाए जाने के अलावा 'फैन्टास्टिक फोर' का पोस्टर भी रिलीज किया गया। वेब सीरीज 'हॉकआई' में दिखे किरदार माया को लेकर मार्वल स्टूडियोज एक पूरी वेब सीरीज विकसित करने जा रहा है। ये सीरीज पहली बार एक मूक बधिर किरदार को सुपरहीरो के रूप में पेश करेगी। और, इसके अलावा 'स्पाइडरमैन नो वे होम' में अरसे बाद नजर आए किरदार 'डेयरडेविल' पर एक नई सीरीज 'डेयरडेविल: बॉर्न अगेन' की झलकियां भी दर्शकों को दिखाई गईं। इन दिनों प्रसारित हो रही मार्वल की वेब सीरीज 'शी हल्क' में डेयरडेविल की एंट्री की एक एक्सक्लूसिव झलक भी इस दौरान पेश की गई।

### मार्वल के नए एवेंजर्स 'थंडरबोल्ट्स'

मार्वल स्टूडियोज की जिन अगली नई फिल्मों की झलकियां डी23 एक्सपो 2022 के दूसरे दिन दिखाई गईं, उनमें फिल्म 'कैप्टन अमेरिका: न्यू वर्ल्ड ऑर्डर' और 'द मार्वल्स' शामिल हैं। 'कैप्टन अमेरिका: द न्यू वर्ल्ड ऑर्डर' की कहानी वेब सीरीज 'द फाल्कन एंड द विंटर सोल्जर' को आगे बढ़ाएगी जिसमें फाल्कन का किरदार कर रहे एंथनी मैकी को नया कैप्टन अमेरिका बनता दिखाया गया है। फिल्म 'द मार्वल्स' की कहानी हाल ही में रिलीज हुई वेब सीरीज 'मिस मार्वल' के आगे की घटनाओं पर आधारित होगी और इस फिल्म में कमाला खान के अलावा 'कैप्टन मार्वल' और उसके बाद वेब सीरीज 'वांडा विजन' में नजर आया मोनिका राम्ब्यू का किरदार भी दिखेगा। इन दो फिल्मों के साथ ही केविन फाइगी ने मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स की अलग अलग फिल्मों और सीरीज में दिखे किरदारों की एक नई फिल्म 'थंडरबोल्ट्स' की शूटिंग भी अगले साल से शुरू करने का एलान किया।

### अवतार: द वे ऑफ द वाटर

डी23 एक्सपो 2022 के इस सत्र का समापन न्यूजीलैंड से वीडियो कॉल के जरिये जुड़े निर्देशक जेम्स कैमरून से बातचीत के साथ हुआ। इस दौरान उन्होंने अपनी दिसंबर में रिलीज होने जा रही फिल्म 'अवतार: द वे ऑफद वाटर' की कुछ एक्सक्लूसिव झलकियां थ्री डी फॉर्मेट में दर्शकों को दिखाई। फिल्म के लिए की गई अंडरवाटर फोटोग्राफी और स्पेशल विजुअल इफेक्ट्स को देख एक्सपो में मौजूद हजारों दर्शक हतप्रभ रह गए। इस दौरान जेम्स ने बताया कि 'अवतार' सीरीज की इस दूसरी फिल्म के अलावा वह इस कड़ी की तीसरी फिल्म की शूटिंग करीब करीब पूरी कर चुके हैं और सीरीज की चौथी व अंतिम कड़ी की शूटिंग भी शुरू हो चुकी है।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135, NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### भाषण प्रतियोगिता रंगोली और पोस्टर मेकिंग कर दिया आत्महत्या रोकथाम का संदेश

**सूरजपुर।** जिले में विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के उपलक्ष में जिला चिकित्सालय में नर्सिंग कॉलेज की छात्र छात्राओं के लिए भाषण प्रतियोगिता, रंगोली और पोस्टर मेकिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने प्रतियोगिता में विजेताओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया साथ ही मानसिक स्वास्थ्य पर भी एक परिचर्चा का आयोजन भी किया गया । इन कार्यक्रमों का उद्देश्य नर्सिंग छात्र छात्राओं को गतिविधि के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और भविष्य में आने वाली परेशानियों को हल करने में निडरता के साथ तत्पर रहना है । इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरएस.सिंह कहा :अगर कोई व्यक्ति लंबे समय से हीन भावना से ग्रसित है, मन में किसी भी प्रकार की निराशा हों तो व्यक्ति के मन में जीवन समाप्त करने का विचार आ सकता है, तो वह एक मानसिक बीमारी से ग्रस्त है। मानसिक अस्वस्थता के कारण ऐसी परिस्थिति उत्पन्न हो सकती है।

### डाक विभाग के पत्र लेखन प्रतियोगिता में 31 अक्टूबर तक भेज सकते हैं पत्र

**जगदलपुर।** भारतीय डाक विभाग द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर ढाई आखर पत्र लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है, पत्र लेखन प्रतियोगिता के विजेताओं को हजारों के ईनाम प्रदान किये जायेगें। पत्र लेखन का विषय है, विजन ऑफ इंडिया 2047 इसमें भाग लेने के लिए ए-4 आकार के पेपर (लिफाफे में भरकर) या अंतर्देशीय पत्र पर लिखा जा सकता है। पत्र अंग्रेजी /हिंदी / क्षेत्रिय भाषा में लिखा जा सकता है। पत्र को 31 अक्टूबर तक मुख्य पोस्टमास्टर जनरल छग. परिमंडल रायपुर, पिन- 492001 के पते पर प्रेषित किया जा सकता है। पत्र लेखन प्रतियोगिता से सम्बंधित पत्र प्रेषण के लिए समस्त जिला मुख्यालयो में स्थित डाकघरों में विशेष पत्र पेटी लगाई गयी है। इस प्रतियोगिता में दो वर्ग निर्धारित हैं, 18 वर्ष से कम और दूसरी 18 वर्ष से अधिक, 18 वर्ष से कम में अंतर्देशीय पत्र वर्ग (500 शब्दों तक), लिफाफा वर्ग (1000 शब्दों तक) और 18 वर्ष से अधिक में अंतर्देशीय पत्र वर्ग (500 शब्दों तक), लिफाफा वर्ग (1000 शब्दों तक) भेज सकते हैं।

# जहां जरूरत पड़ी वहां डटकर खड़ी रही, यह हौसला कोरबा की जनता ने दिया - महंत

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा। शासकीय मेडिकल कॉलेज कोरबा में चिकित्सा शिक्षा की पढ़ाई के लिए राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग द्वारा जारी 100 सीटों का अनुमति आदेश के साथ कोरबा पहुंचीं सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत का मेडिकल कॉलेज से संबद्ध जिला चिकित्सालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में युवाओं व छात्राओं ने आत्मीय स्वागत किया।**




स्व. बिसाहूदास महंत स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय शासकीय मेडिकल कॉलेज कोरबा को मान्यता मिलने उपरांत चिकित्सा शिक्षा प्रारंभ करने की अनुमति मिल जाने पर सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत और उन्होंने जो सपना चिकित्सा शिक्षा के संबंध में देखा था, वह आज पूरा हुआ। कोरबा मेडिकल कॉलेज से संबद्ध जिला चिकित्सालय परिसर में आयोजित अभिनंदन कार्यक्रम में सांसद ने कहा कि कोरबा संसदीय क्षेत्र की जनता से मिलने वाले अपार स्नेह से हमें किसी भी मामले और मुद्दे को पुरजोर तरीके से रखने का साहस मिलता है। मैंने लगातार कोरबा मेडिकल कॉलेज के लिए केन्द्र सरकार के स्वास्थ्य मंत्री से पत्र व्यवहार व मुलाकात किया और जहां जरूरत पड़ी, वहां डटकर खड़ी रही और यह हौसला कोरबा की जनता ने दिया है। छत्तीसगढ़ सरकार के मुखिया भूपेश बघेल ने भी बहुत साथ दिया और एक समन्वित प्रयास से कोरबा ही नहीं बल्कि आसपास के अन्य जिलों के युवाओं के लिए चिकित्सा शिक्षा का मार्ग प्रशस्त हुआ है। श्रीमती महंत ने कहा कि मैं आज मेडिकल कॉलेज प्रारंभ करने की अनुमति के साथ कोरबा पहुंची हूं और जल्द ही मेडिकल कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ करा दिया जाएगा।

कटघोरा विधायक पुरूषोत्तम कंवर, पाली-तानाखार विधायक मोहितराम केरकेट्टा, जिला पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह, मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. अविनाश मेश्राम, अधीक्षक गोपाल कंवर, सहायक अधीक्षक डॉ. रवि जाटवर ने भी संबोधित कर मेडिकल कॉलेज को मील का पत्थर बताया। आभार प्रदर्शन सिविल सर्जन डॉ. स्वाति सिसोदिया ने किया। सांसद का अभिनंदन भारत नर्सिंग कॉलेज, शासकीय नर्सिंग कॉलेज, सृष्टि नर्सिंग कॉलेज व ओरिएंटल नर्सिंग कॉलेज के विद्यार्थियों व प्राचार्यों द्वारा भी किया गया। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि हरीश परसाई, उषा तिवारी, डॉ. अनमोल मिंज, वेदप्रकाश, जीएस जात्रा, डॉ. सुमी, डॉ. योगिता, डॉ. विभा, डॉ. डीएस पटेल, डॉ. राकेश वर्मा, डॉ. अविनाश थवाईत, सिस्टर राठिया व कोसले आदि भी उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग, मेडिकल एसेसमेंट एंड रेटिंग बोर्ड के सदस्य/अध्यक्ष के द्वारा 9 सितंबर 2022 को शासकीय मेडिकल कॉलेज कोरबा में एमबीबीएस की 100 सीटों के लिए अनुमति का आदेश विभिन्न निर्देशों के साथ जारी कर दिया गया है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय मेमोरियल स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ के अधीन यह मेडिकल कॉलेज संचालित होगा।

# ओणम सेलिब्रेशन में सजाई रंगोली सांस्कृतिक प्रस्तुति ने मन मोहा

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। भिलाई मलयालम ग्रंथशाला में रविवार को ओणम सेलिब्रेट किया गया। इस मौके पर समाज के सैकडों परिवार ने एकजुटता दिखाई और केरल की संस्कृति को दिखाया। पहनावे से लेकर भोजन तक में केरल की झलक आई। सुबह से यहां फूलों की रंगोली( काकूलम) की प्रतियोगिता रखी गई। जिसमें विजेता को 25 सौ रुपए दिए गए।

## बीएमजी के ओणम सेलिब्रेशन में मलयाली समाज हुआ एकजुट





### वामन अवतार में मांगा था दान

मान्यता है कि भगवान विष्णु ने वामन अवतार में राजा बलि से तीन पग जमीन दान में मांगी थी। पहले पग में भगवान ने पूरी धरती और दूसरे कदम में आकाश ले लिया, तीसरा पग रखने से पहले राजा ने अपना सिर आगे कर दिया। जिस पर पैर रखते ही वे पाताल में चले गए । राजा बलि के इस दान से खुश होकर भगवान विष्णु ने उनसे वरदान मांगने को कहा। और राजा बलि ने साल में एक बार प्रजा से मिलने का वरदान मांगा और यही वह समय होता है जब राजा बलि अपनी प्रजा से मिलने धरती पर आते हैं।

### केले के पत्ते पर भोजन

बीएमजी में हुए कार्यक्रम में सभी को केरल की परंपरा अनुसार केले के पत्तों पर भोजन परोसा गया। जिसमें पारंपरिक व्यंजन आडाप्रधावन (गुड़ की खीर) अवियल (मिक्स सब्जी)सांभर, दाल, इंजीकरी (अदरक की चटनी), सहित दर्जनभ भर से ज्यादा व्यंजन शामिल थे। बीएमजी के अध्यक्ष रघु कुमार ने बताया कि मलयाली कैलेंडर के पहले महीने चिंगम में राजा महाबलि प्रजा से मिलने धरती पर आते हैं और उन्हीं के स्वागत में केरल के हरघर में फूलों की रंगोली बनाई जाती है।

# संसार में भ्रम का निवारण और शंकाओं का समाधान अनेकांत से संभव : आचार्य विशुद्ध सागर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** सन्मति नगर फाफाडीह में ससंघ विराजित आचार्य विशुद्ध सागर जी महाराज ने शनिवार को धर्मसभा में अनेकांत की व्याख्या की। आचार्य ने कहा कि अव्यवस्था बुद्धि,ज्ञान के विकल्प से आती है,अनेकांत से नहीं आती है। ज्ञाता में सामर्थ्य नहीं है तो विकल्पता आएगी। संसार में भ्रम के रोग का निवारण अनेकांत दृष्टि स्व ही संभव है। कपड़ों में तन ढका रहे लेकिन बुद्धि ढकी न रहे। व्यक्ति बीमार नहीं होता जबकि तन के सर्वाधिक बीमार मन के होते हैं। किसी को आज्ञा देने और किसी की आज्ञा मानने से आदमी बीमार होता है,भ्रम की बीमारी लोक में विशाल है। भ्रम का विनाश हो जाए तो लोक की बीमारी समाप्त हो जाएगी।

आचार्य ने कहा कि तीर्थंकर जिनेश्वर देव ने विश्व धरा को परम सत्यार्थ का बोध प्रदान किया है। संसार में क्लेष को प्राप्त जीव को आत्मसात होने का मार्ग चुनने अनेकांत दृष्टि प्रदान की है। अनेकांत शंका नहीं है,विश्व की शंकाओं का समाधान है। अनेकांत वस्तु व्यवस्था है,अनेकांत अवस्था खड़ी नहीं करता। अनेकांत व्यक्ति की बुद्धि का विस्तार करता है, अनेकांत के अभाव में व्यक्ति की सोच कमजोर होती है।

आचार्य ने कहा कि अनेकांतकवादी सोचता है विश्व में शांति रहना चाहिए,तभी मेरे आत्मा में शांति होगी।

केवल जैन होने से जैनियों के बारे में सोचने से काम नहीं चलेगा, रायपुर निवासी होने से रायपुर के बारे में सोचने से काम नहीं चलेगा,आप विश्व के प्राणी मात्र के बारे में अच्छा सोचोगे तभी अच्छे जैनी बन पाओगे। मोहल्ले का हर आदमी अच्छा होगा तो आप सुख शांति से जी पाओगे। पूरे जंगल में हिरण-हिरण रहे तो कितनी शांति होगी,यदि एक शेर आ जाए तो हजारों हिरणों के ह्रदय कांप जाएंगे। ऐसे ही कुटुंब,परिवार,देश,राष्ट्र में एक आतंकी जैसे व्यक्ति का भाव आ गया तो वहां रहने वाले कांप जाएंगे।

मुनि सुव्रत सागर जी ने कहा कि जिंदगी का भरोसा नहीं कब तन से प्राण निकल जाए। मृत्यु होना निश्चित है,कोई तंत्र, मंत्र, ज्योतिष रोक नहीं सकता। आप विचार करो किसके लिए आप जोड़ कर रख रहे हो और ऐसा कौन सा द्रव्य है जो आप अपने साथ ले जाओगे, इसलिए जीवन में इतिहास बनाने का पुरुषार्थ मत करो इतिहास बन जाओ।

# वोरा निवास से धूमधाम से हुई विघ्नहर्ता गणेश की विदाई दिखा छत्तीसगढ़ महतारी का रंग, जगह जगह हुआ स्वागत

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। पूरे देश भर में भक्ति भाव एवं उल्लास से मनाया जाने वाला गणेश उत्सव छत्तीसगढ़ प्रदेश समेत दुर्ग में भी पूरे उत्साह से मनाया गया। लगातार वर्षों से चल रही परंपरा के अनुरूप वरिष्ठ कांग्रेस विधायक अरुण वोरा के निवास के सामने भी भगवान गणपति की प्रतिमा की स्थापना इस वर्ष भी की गई थी। कोरोना काल के दो वर्ष में फीके रहे माहौल की जगह इस वर्ष जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।**



सबसे पहले विवेकानंद नगर की महिला समिति कॉलोनी के गणेश की प्रतिमा के साथ छत्तीसगढ़ी वेशभूषा में विधायक वोरा के निवास पहुंची एवं निवास में विराजमान प्रतिमा के विसर्जन आरती में शामिल होने के पश्चात छत्तीसगढ़ी धुनों पर जमकर डांस किया जिसमें श्रीमती मंजू वोरा ने भी हिस्सा लिया। छत्तीसगढ़ महतारी की वेशभूषा में महिलाओं एवं बच्चियों ने भी जमकर समा बांधा। जिसके बाद विसर्जन के लिए झांकियों के साथ जुलूस निकाला गया जिसका जगह जगह चौक चौराहों पर स्वागत एवं आरती हुई। साईं द्वारा पर ब्लॉक अध्यक्ष अल्ताफ अहमद के नेतृत्व में जमकर आतिशबाजी एवं स्वागत किया गया इसी तरह गंजपारा में पार्षद श्रद्धा सोनी द्वारा भी महिला टीम के साथ स्वागत आरती हुई। पुलगांव स्थित शिवनाथ तट पर चाक चौबंद व्यवस्था देख विधायक वोरा ने पुलिस प्रशासन, नगर निगम एवं स्थानीय तैराकों की जमकर सराहना की।

विगत वर्षों की लचर व्यवस्था के विपरीत इस वर्ष सड़कें, प्रकाश व्यवस्था, एसडीआरएफएवं पुलिस की टीम ने नदी तट पर काफी बेहतर व्यवस्था की है। पुलिस कप्तान डॉ अभिषेक पल्लव खुद मौके पर मौजूद थे एवं उन्होंने भी विसर्जन में हिस्सा लेकर गणपति जी का आशीर्वाद लिया। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष अजय मिश्रा, वरिष्ठ कांग्रेसी कौशल किशोर सिंह, नंदू महोबिया, महिला ब्राम्हण समाज अध्यक्ष सुमन पांडेय, एल्डरमैन राजेश शर्मा, अंशुल पांडेय, सुमित वोरा, संदीप वोरा, संजीव श्रीवास्तव, गोपाल शर्मा, युंका अध्यक्ष आयुष शर्मा, विवेक मिश्रा, कमलेश शर्मा उपस्थित थे।

महापौर ने बच्चों को खिलाई कृमिनाशक दवा

# साडा कन्या विद्यालय टी.पी.नगर ने मनाया राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा। महापौर राजकिशोर प्रसाद ने राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर टी.पी.नगर जोनांतर्गत स्थित साडा कन्या विद्यालय में बच्चों को कृमिनाशक दवा एल्बेन्डाजॉल की गोली खिलाई, बच्चों को अपनी शुभकामनाएं दी तथा पेट में कीड़े संबंधित बीमारियों से बचाव हेतु 01 वर्ष से 19 वर्ष तक के बच्चों को उक्त दवा खिलाए जाने का आव्हान किया।**

इस अवसर पर मेयर इन काउंसिल सदस्य सपना चौहान व संतोष राठौर, सी.एम.एच.ओ. डॉ.बी.बी.बोडे, जिला शिक्षा अधिकारी जे.पी.भारद्वाज, बी.एम.ओ. डॉ.राज, सी.पी.एम. अशोक सिंह, बी.ई.ओ. संजय अग्रवाल आदि सहित विद्यालय के शिक्षकगण उपस्थित थे।

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर टी.पी.नगर कोरबा स्थित साडा कन्या विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यहाॅं उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर कोरबा जिले के आंगनबाड़ी केन्द्रों, स्कूलों, कालेज आदि में एक अभियान चलाकर 01 से 19 वर्ष तक के बच्चों को कृमिनाशक दवा एल्बेन्डाजॉल की गोली खिलाई गई। साडा कन्या विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में महापौर राजकिशोर प्रसाद ने बतौर मुख्य अतिथि अपनी उपस्थिति प्रदान की, उन्होने बच्चों को एल्बेन्डाजॉल कृमिनाशक दवा खिलाई। इस मौके पर उन्होने कहा कि शासन द्वारा सभी के स्वास्थ्य की चिंता की जा रही तथा स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं की दिशा में अनेक योजनाएं क्रियान्वित की गई हैं, उन्होने कहा कि बच्चों के पेट में कीडे होने संबंधित बीमारियों से बचाव हेतु 01 वर्ष से 19 वर्ष आयु तक के बच्चों को यह दवा खिलाई जा रही है ताकि उनका इन बीमारियों से बचाव हो सके। महापौर प्रसाद ने सभी बच्चों को उक्त दवा खिलाएं जाने का आव्हान किया, विद्यालय के बच्चों को अपनी शुभकामनाएं दी।

### धार्मिक क्वीज, रस्सी कूद व क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**कोरबा।** महाराजा अग्रसेन जंयती के अवसर पर अयोजित प्रतियोगिताओ का महाकुंभ में अग्रवाल महिला मंडल व अग्रसेन नवयुवक मंच के द्वारा आज धार्मिक क्वीज, रस्सी कूद व फ्लड लाईट क्रिकेट प्रतियोगिता का अयोजन अग्रसेन पब्लिक स्कुल व अग्रसेन कन्या महाविद्यालय में किया गया महाराजा अग्रसेन जयंती के अवसर पर अयोजित प्रतियोगिताओं का महाकुंभ में अग्रवाल महिला मंडल के द्वारा आज अग्रसेन पब्लिक स्कुल में धार्मिक क्वीज व रस्सी कूद प्रतियोगिता का अयोजन किया गया यह प्रतियोतगिता 14 वर्ष के उपर की बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए आयोजित कि गई थी।

























# दो गुट के बीच हुआ था झगड़ा, एक गैंग ने पुलिस को दी सूचना तो सुबह कर दी हत्या

### एक घंटे के अंदर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिए 6 आरोपी

### हथखोज में हुए मर्डर के पीछे निकली आपसी रंजिश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** हैवी इंस्ट्रीयल एरिया हथखोज में हुए दो गुटों के बीच के हुई हत्या एवं हत्या के प्रयास के आरोपियों को दुर्ग पुलिस ने चंद घंटों में ही पकड़ लिया। मर्डर के एक घंटे के भीतर ही 6 आरोपियों को हिरासत में लिया गया।



दरअसल शनिवार सुबह पुलिस को सूचना मिली कि हथखोज इंडस्ट्रीयल एरिया में दो पक्षों के मध्य वाद-विवाद लड़ाई झगड़ा हो रहा है। सूचना के आधार पर भिलाई तीन की पुलिस के साथ ही खुर्सीपार से भी पुलिस टीम मौके पर रवाना हुई, लेकिन घटना स्थल पर पहुंचने पर कोई भी व्यक्ति मौजूद नहीं था। तब पता चला कि खुर्सीपार निवासी अशोक सोनी की हत्या हो गई है व उन्हीं दोनो पक्षों के कुछ व्यक्तियों से मारपीट वाद-विवाद के दौरान चोंटे आई है। प्रकरण की गंभीरता को देखते पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव के मार्गदर्शन, में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) संजय ध्रुव एवं नगर पुलिस अधीक्षक महोदय छावनी कौशलेन्द्र देव पटेल के निर्देशन में थाना पुरानी भिलाई एवं थाना खुर्सीपार से टीम गठित की गई।

#### 8 में से 6 गिरफ्तार

पुलिस की जांच के बाद दोनों पक्षों के जो लोग घटना में शामिल थे उनकी जानकारी तुरंत ही जुटा ली गई। इसमें पता चला क सभी आरोपी खुर्सीपार थाना क्षेत्र के निवासी हैं जिसकी धर-पकड़ के लिये पृथक-पृथक चार टीम को तत्काल रवाना किया गया जिसमें पुलिस ने कुल 8 आरोपियों में से 6 आरोपियों को घटना के एक घंटे के अंदर हिरासत में ले लिया। जिसमें पहले गुट से दत्ता पावले उर्फ अरबाज सिद्दीकि, हरिशंकर यादव उर्फ जुगनु, हैप्पी उर्फ मंजीत सिंह, आकाश कौशिक, अशोक सोनी एवं दूसरे गुट से लक्ष्मी नारायण बाघ उर्फ राजेन्द्र सिंह, राहुल ची उर्फ राजू, संतोष श्रीवास्तव उर्फ लंबू, साधु ज्ञानी घटना में शामिल है।

#### चोरी करने गए थे, हुआ विवाद

पुलिस ने बताया क शुक्रवार रात पवाले गुट के सदस्य अशोक और मंजीत हथखोज इलाके में बैठे थे, इसी दौरान लक्ष्मीनारायण अपनी गैंग के साथ वहां पहुंचा और एक सदस्य नशे में होने की वजह से वही रूक गया। बाकी तीन सदस्य बाइक खड़ी कर हथोकज इलाके में चोरी करने चले गए। इसी बीच मृतक अशोक और मंजीत का विवद लक्ष्मीनारायण गैंग के उस सदस्य से हो गया। जिसके बाद मारपीट भी हुई इसी बीच चोरी करने गए दोस्त भी वापस आ गए और उन्होंने मंजीत और अशोक से मारपीट की और बाइक वही छोड़कर चले गए। रात में हुई इस घटना की सूचना अशोक ने खुर्सीपार टीआई को दी थी। घटना स्थल भिलाई तीन होने की वजह से खुर्सीपार टीआई ने भिलाई तीन टीआई को फोन किया। जिसके बाद 112 की टीम वहां पहुंची। पुलिस की गाड़ी देखकर लक्ष्मीनारायण की टीम फरार हो गई, लेकिन शनिवार सुबह करीब साढ़े 6 बजे वह गैंग फिर लौटी और उसे शंका हो गई थी पावले गैंग ने ही पुलस को सूचना दी थी, इसके बाद दोबारा दोनों गुटों के बीच मारपीट हुई जिसमें अशोक की मौत हो गई।

## एक से 15 लाख लेकर दूसरे को बेच दिया फ्लैट, स्टील कारोबारी दंपती पर धोखाधड़ी का केस दर्ज


**रायपुर।** फ्लैट बेचने का सौदा कर 15 लाख रुपये लेने के बाद दूसरे व्यक्ति को फ्लैट बेचने के मामले में कबीरनगर थाना पुलिस ने स्टील कारोबारी दंपती के खिलाफधोखाधड़ी की प्राथमिकी की है। फिलहाल आरोपित दंपती की गिरफ्तारी नहीं हुई है।



पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, एमआइजी 101 फेस चार कबीरनगर निवासी सर्वेश कुमार पांडेय (36) का चार साल पहले उरकुरा स्थित कान्हा स्टील के मालिक मनोरंजन पांडेय से परिचय हुआ था। उसने अपनी पत्नी अनिता पांडेय के नाम पर दीनदयाल आवास योजना के तहत ब्लाक नंबर पांच, एलआइजी 54 फ्लैट को 41 हजार रुपये प्रति वर्गफुट की दर से 20 लाख 29 हजार 500 रुपये में बेचने का सौदा किया। इसके बाद विक्रय इकरारनामा तैयार हुआ

सर्वेश ने सौदे के मुताबिक द करूर वैश्य बैंक लिमिटेड शाखा से 15 लाख का लोन लेकर अनिता पांडेय के खाते में जमा कर दिया। शेष राशि का भुगतान करने पर फ्लैट की रजिस्ट्री कराना तय हुआ। इस बीच लगातार निवेदन करने के बाद भी कारोबारी दंपती फ्लैट की रजिस्ट्री करने में टालमटोल करते रहे। शंका होने पर जब फ्लैट के बारे में जानकारी ली तो पता चला कि आरोपित दंपती ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर उस फ्लैट को गीतेश्वरी साहू के नाम पर रजिस्ट्री करा दी है। दंपती से संपर्क किया तो पुलिस में शिकायत न करने और पैसा लौटाने का आश्वासन दिया, लेकिन तय समय पर पैसा नहीं लौटाया, फोन तक उठाना छोड़ दिया। पुलिस ने मनोरंजन पांडेय और उसकी पत्नी अनिता पांडेय के खिलाफ चार सौ बीसी का केस कर जांच शुरू कर दी है।

## खास-खबर



### कुत्ते पर एसिड अटैक के मामले में पुलिस ने एसिड रखने वाले को किया गिरफ्तार

**रायपुर (ए)।** घुमंतू कुत्तों पर एसिड अटैक के मामले में पुलिस ने एसिड रखने वाले शेख बादशाह हुसैन के खिलाफ एसिड अधिनियम के तहत अपराध दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। एसिड अधिनियम के तहत पहली बार किसी के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। आरोपित सोने-चांदी की सफाई करने वाला कारीगर है।

पुलिस के मुताबिक मूलतः पश्चिम बंगाल, हावड़ा निवासी शेख बादशाह हुसैन के खिलाफ छत्तीसगढ़ एसिड विनियमन, प्रतिबंध विक्रय और उपयोग अधिनियम 2013 की धारा-15 के तहत अपराध दर्ज किया गया है। उल्लेखनीय है कि कोतवाली क्षेत्र में एक नाबालिग ने पांच घुमंतू कुत्तों पर एडिस फेंक दिया था। इससे वे गंभीर रूप से जल गए थे।

पीपुल्स फॉर एनिमल ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। वहीं पुलिस के अनुसार एसिड खरीदी-बिक्री के लिए अलग से नियम बनाए गए हैं। उन नियमों के तहत ही एसिड की खरीदी-बिक्री की जा सकती है। शेख बादशाह के पास एसिड रखने और उसका व्यावसायिक उपयोग करने का कोई वैध दस्तावेज नहीं था। शेख बादशाह के खिलाफएसिड अधिनियम के तहत कार्रवाई कर गिरफ्तारी की गई।

### पंजाब से हेरोइन लाकर खपाने वाले दो गिरफ्तार

**रायपुर (ए)।** आमानाका थाना पुलिस ने मादक पदार्थ हेरोइन चिट्टा बिक्री करने के दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपित मूलतः पंजाब के रहने वाले हैं। वे पंजाब से मादक पदार्थ लाकर रायपुर में बिक्री करते थे। पुलिस ने रेशम सिंह और जजबीर सिंह को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 35 ग्राम हेरोइन जब्त की गई है। आरोपित पेशे से ड्राइवरी करते हैं। पुलिस को सूचना मिली कि सरोना रेलवे स्टेशन ओवरब्रिज के नीचे टाटीबंध में दो संदेही बाइक से घूमते हुए हेरोइन बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहे हैं। सूचना पर पुलिस ने टीम गठित कर घेराबंदी की। बताए गए दो व्यक्तियों को बाइक के साथ पकड़ा गया। तलाशी लेने पर मादक पदार्थ हेराइन 35 ग्राम जब्त की गई। आरोपितों का पंजाब आना-जाना लगा रहता है। वह वहां से हेरोइन लेकर आते हैं।

#### प्रेमिका के लिए पत्नी को जिंदा जलाया

## मायके छोड़ने के बहाने हाईवे पर उतारकर लगा दी आग



**पेंड्रा (ए)।** छत्तीसगढ़ से लगे मध्य प्रदेश के अनूपपुर में एक युवक ने अपनी पत्नी को जिंदा जला दिया। महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा में भर्ती कराया, जहां से गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। महिला की शादी गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के युवक से 4 माह पहले ही हुई थी। आरोप है कि युवक का किसी और लड़की से अफेयर है। अपनी पत्नी को रास्ते से हटाने के लिए युवक उसे मायके छोड़ने के बहाने ले गया और हाईवे के किनारे ले जाकर आग लगा दी।

जानकारी के मुताबिक, अनूपपुर के कोतमा निवासी ज्योति (24) की शादी मरवाही में रहने वाले दीपक लहरे से 4 मई को हुई थी। दीपक शुक्रवार को ज्योति को मायके छोड़ने की बात कहकर कार से कोतमा के लिए निकला था। रास्ते में हाईवे किनारे दीपक ने कार रोक दी। आरोप है कि इसके बाद सुनसान जगह देखकर ज्योति को कार से नीचे उतारा और ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा दी। महिला की चीख-पुकार सुन आसपास के लोगों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी।

#### 10 साल से अफेयर, प्रेमिका से एक बच्ची भी

ज्योति ने बताया कि उसके पति दीपक लहरे का पहले से ही अन्य महिला के साथ 10 साल से अफेयर है। महिला से एक बच्ची भी है। शादी के बाद दीपक सिर्फदो दिन साथ रहा। उसके बाद से वह मुझे देखता तक नहीं था। ज्योति ने बताया कि इसका पता उसे तब चला जब दीपक के मोबाइल पर उसकी प्रेमिका का कॉल आया। कॉल ज्योति ने रिसीव किया, तो दूसरी ओर से प्रेमिका बोली कि दीपक सिर्फ उसका है, और वह दीपक की है।

#### दीपक बोला-साथ रहना है तो कार लेकर आओ

ज्योति का कहना है कि अभी वह कॉल पर बात कर ही रही थी कि दीपक वहां पहुंच गया। आते ही उसने दो थप्पड़ मारे और पूछा कि किससे बात कर रही हो। जब ज्योति ने अफेयर की बात पूछी तो दीपक ने कहा कि, हां उसका अफेयर है। दीपक ने यह भी कहा कि तेरा और मेरा कोई संबंध नहीं है। मुझसे संबंध रखना है, तो अपने घर से कार लेकर आओ। मेरे घर में काम करने वाली कोई नहीं है, इसलिए मैंने तुझसे शादी की थी। कुछ दिन बाद मायके भेज दिया।

#### ससुराल में सास ने की मारपीट

ज्योति ने बताया कि वह अपने माता-पिता के समझाने पर ससुराल वापस आ गई। उसी रात सास ने लात से मारी और कहा कि उनके घर में मेरी कोई जरूरत नहीं है। ससुराल के अन्य लोगों ने भी मारपीट की। पति ने भी आए दिन मारपीट करता था। रात में दीपक अपनी प्रेमिका के पास ही रहता है। ज्योति का आरोप है कि जेठ कहता था कि मेरा भाई एक नहीं हजारों लड़कियों को घुमाए, तुम्हें बोलने की जरूरत नहीं है। इन्हीं लड़ाई-झगड़े से तंग आकर शुक्रवार दोपहर 3 बजे मायके जाने के लिए बस में बैठी थी। तभी दीपक आया और बोला अपनी कार से छोड़ देगा। शाम को वह रास्ते में उतारकर आग लगाकर भाग गया।

## सिल-बट्टे से वारकर बड़े भाई को मार डाला, सड़क पर फेंका शव

**खरोरा (ए)।** रायपुर जिले में एक युवक ने अपने ही बड़े भाई की बेरहमी से हत्या कर दी। उसने अपने बड़े भाई को इसलिए मार दिया क्योंकि वह आए दिन घर में झगड़ा करता था। इसी बात से युवक तंग आ गया था। इसके बाद उसने सिल बट्टे (पत्थर) से वारकर उसकी जान ले ली। इस मामले में पुलिस ने अब आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। मामला खरोरा थाना क्षेत्र का है। 9 अगस्त को पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम बाना मुख्य मार्ग पर एक युवक का शव मिला है। इसी सूचना के आधार पर पुलिस की टीम मौके पर गई थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू की। शव के बारे में जानकारी जुटाई, तब युवक की पहचान बाना निवासी महावीर बंजारे (30) के रूप में हुई थी।


पुलिस को युवक के शरीर में कई जगह गहरे चोट के निशान मिले थे। ऐसे में पुलिस ने पहले ही उसकी हत्या की आशंका जताई थी। इसके बाद महावीर के परिजनों और आस-पास के लोगों से भी पूछताछ की थी। पुलिस ने पूछताछ के लिए महावीर के छोटे भाई बालक बंजारे (24) को भी बुलाया था। बताया गया कि बालक को जैसे ही बुलाया गया, वो हड़बड़ाने लगा और पूछताछ में अपना बयान बार-बार बदलने लगा था। इसी के चलते पुलिस को उस पर शक हुआ। फिर पुलिस ने उससे कड़ाई से पूछताछ की, तब उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

## मुखबीर के बेटे ने पुलिस बनकर लूटे थे डेढ़ लाख, मुंबई से धर लाई पुलिस

### पुरानी भिलाई में हुए लूट के मामले का खुलासा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** मोटर सायकल सवार दो व्यक्ति से नकली पुलिस बनकर डेढ़ लाख लूटने वाले आरोपी विनोद पोपटानी को पुलिस ने मुंबई से गिरफ्तार किया। लूट के बाद आरोपी बचने के लिए लगातार अपना स्थान परिवर्तित करता रहा, लेकिन सप्ताहभर बाद वह मुंबई के कल्याण से गिरफ्तार हुआ। आरोपी के पास से लूट की रकम 1 लाख 44 हजार रुपए 2 नग मोबाईल फोन एवं घटना में उपयोग हुई बाइक भी बरामद की। एन्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट दुर्ग एवं थाना पुरानी भिलाई की यह कार्रवाई एसपी डॉ अभिषेक पल्लव के मार्गदर्शन में एएसपी संजय ,नगर पुलिस अधीक्षक (छावनी) कौशलेन्द्र पटेल , डीएसपी क्राइम नसर सिद्धिकी के नेतृत्व में एसीसीयू. प्रभारी



निरीक्षक संतोष मिश्रा व थाना प्रभारी पुरानी मिलाई निरीक्षक मनीष शर्मा ने की।

#### 11 दिन में पकड़ा गया

प्रार्थी परमानंद वर्मा निवासी खैरागढ़ ने थाना पुरानी भिलाई में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 31 अगस्त को मोटर सायकल से लोहा खरीदी करने आया था तभी ठाकुर पेट्रोल पंप उम्दा के पास एक अज्ञात व्यक्ति ने उसके बैग में रखे नगदी रकम 1,50 हजार रुपए को बैग सहित लूटकर ले गया। कि रिपोर्ट पर थाना पुरानी भिलाई अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव ने तत्काल पतासाजी कर माल बरामदगी के निर्देश दिए थे। ए.सी.सी.यू एवं थाना की संयुक्त टीम ने सीसीटीवी कैमरा का अवलोकन किया। जिसके बाद आरोपी की पहचान विनोद पोपटानी निवासी केलकर पारा रायपुर के रूप में हुई।

#### पुलिस से बचने बदलता रहा शहर

लगातार आरोपी की पतासाजी की गई किंतु आरोपी लगातार जगह बदलता रहा। वह रायपुर, राजनांदगांव, नागपुर होते हुए मुंबई पहुंचा। जिसके बाद टीम ने कल्याण महाराष्ट्र में आरोपी विनोद पोपटानी को घेराबंदी कर पकड़ा। कार्यवाही में थाना पुरानी भिलाई से सउनि गोरखनाथ चौधरी एवं एसीसीयू से सउनि शमित मिश्रा, प्र. आर. चंद्रशेखर बजीर, आरक्षक रिंकू सोनी, अमित दूबे, प्रदीप यादव, नितिन सिंह, राकेश चौधरी, डी. प्रकाश, राकेश अन्ना, अरविंद मिश्रा, रमेश पाण्डेय, विक्रांत यदु की उल्लेखनीय भूमिका रही।

summer offer
on gogles flat 20% off
फ्री होम डिलेवरी
(निःशुल्क कम्प्यूटराईज नेत्र जांच)
BROTERS OPTICALS
You see We care
Pratap Singh, Mo. - 9589876064, 9589666143
Infront of Shubham Medical, Krishna Talkies Road, Risali, Bhilai, Email : brothersopticals1@gmail.com

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई,
फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

छत्तीसगढ़ शासन

# युवा, मजदूर और किसान
# सबका ध्यान, सबका मान

## राजीव गांधी किसान न्याय योजना

योजना के प्रारंभ से
अब तक राज्य के किसानों को
**14,665 करोड़ रुपए**
की आदान सहायता राशि जारी




## गोधन न्याय योजना

बदलती ग्रामीण अर्थव्यवस्था, गोबर से बरसे धन

पशुपालकों, ग्रामीणों, गौठान समितियों और
महिला स्व-सहायता समूहों को अब तक
**340.35 करोड़ रुपए**
का भुगतान

3.50 लाख से अधिक हितग्राही लाभान्वित



श्री भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

### राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना

भूमिहीन कृषि मजदूरों को सालाना 7,000 रुपये की आर्थिक सहायता

वर्ष 2022 - 2023 की प्रथम किश्त
कुल भुगतान 71.02 करोड़
**3.55 लाख हितग्राही**

### राजीव युवा मितान क्लब

राज्य की युवाशक्ति से 'गढ़बो नवा छत्तीसगढ़' के ध्येय को साकार करना

13,269 राजीव युवा मितान क्लबों को प्रतिवर्ष 1 लाख रु की सहायता

RO-33820/1

## सेवा-जतन-सरोकार, छत्तीसगढ़ सरकार

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950